e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 217

शुक्रवार

09.08.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110


ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जिंदगी में एक सफलता कुछ संभावनाओं को जन्म देती हैं, लेकिन एक विफलता सैकड़ों संभावनाओं को जन्म दे देती है।



**संक्षिप्त खबरें**

## जलजमाव से जूझ रहे हैं पाठक बिगहा के लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** हरिहरगंज नवगठित नगर पंचायत के पाठक बिगहा वार्ड संख्या 9 के मुहल्लेवासी जलजमाव से जूझ रहे हैं। गली - मुहल्ले में सड़कों पर पानी जमा रहने के कारण प्रभावित मुहल्ले के लोगों को घरों से बाहर निकलने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुरेन्द्र चन्द्रवंशी, रिंकू चौधरी, ओमप्रकाश गुप्ता, मुरारी गुप्ता, गौतम गुप्ता, जवाहर चौधरी, राजकुमार पासवान, विजय चन्द्रवंशी, लक्ष्मण पासवान, रतन यादव, प्रभु गुप्ता आदि मुहल्ले वासियों ने बताया कि अररूआ खुर्द से आनेवाले नाली तथा बारिश का पानी का निकासी बंद हो चुका है। इसकी जानकारी समाजसेवी सह भाजयुमो नेता राजीव रंजन को दी गई। जिसके बाद उन्होंने मुहल्ले में पहुंचकर जलजमाव की समस्या से अवगत होते हुए नगर पंचायत के सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी को मुहल्ले वासियों को जलजमाव से निजात दिलाने की मांग की।

### सभी भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं बाबा भोलेनाथ : मंत्री मिथिलेश

# मंत्री मिथिलेश ने 1200 कांवरियों को किया बोल बम रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरूवार को जिले के 1200 कांवरियों को बोल बम के लिए रवाना किया। गढ़वा के विभिन्न पंचायतों से बोल बम जाने वाले कांवरिया गुरुवार को नया समाहरणालय के बगल में स्थित द शिवा रिसोर्ट में जमा हुए। यहां मंत्री श्री ठाकुर ने सभी कांवरियों को अपने हाथ से भोजन परोसकर खिलाया। उसके बाद मंत्री श्री ठाकुर एवं सभी कांवरिया चिनियां मोड़ स्थित काली मंदिर पहुंचे। यहां पूजा अर्चना के बाद मंत्री श्री ठाकुर कांवरियों के साथ पैदल मार्च करते हुए रंका मोड़, मेन रोड होते हुए बस स्टैंड पहुंचे। इस दौरान पूरा गढ़वा बोल बम के नारों से गूंजता रहा। कांवरियों की लंबी कतार लगी रही। भक्ति गीतों पर कांवरियों के साथ थिरकते हुए मंत्री बस स्टैंड पहुंचे।



यहां से सभी कांवरियों को 25 बसों से बोल बम के लिए रवाना किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे पिछले कई वर्षो से इस कांवर यात्रा का आयोजन करते आ रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटी कांवर यात्रा के दौरान सभी कांवरियों का हर सुविधा का ख्याल रखती है। यह कांवर यात्रा शुरूआत में छोटे स्तर से शुरू होकर आज वृहत रूप ले चुका है। मंत्री ने कहा कि बाबा भोलेनाथ एवं बाबा बासुकीनाथ सभी भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं। सभी भक्तगण बाबा भोलेनाथ एवं बाबा बासुकीनाथ से गढ़वा सहित पूरे झारखंड एवं देश की खुशहाली, सुख समृद्धि एवं अमन चैन की कामना करें। देश की गंगा जमुनी तहजीब हमेशा बनी रहे। मंत्री ने कहा कि जब तक बाबा का बुलावा नहीं आये तब तक कोई भी बाबा के दरबार नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कांवरियो के लिए रास्ते में जलपान, विश्राम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी व्यवस्था की गई है। मंत्री ने कांवर यात्रा में साथ जाने वाले सभी नेतृत्व कर्ताओं को कहा कि किसी भी कांवरिये को रास्ते में किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसका वे पूरा ख्याल रखें। मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, जितेंद्र सिन्हा, संतोष केशरी, नवीन तिवारी, अनिता दत्त, आशिश अग्रवाल, अविनाश दुबे, दिलीप गुप्ता, चंदन पासवान, प्रियम सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, अंकित पांडेय, शरीफ अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हेमंत सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर : संध्या सिंह



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेत्री संध्या सिंह ने गुरुवार को क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। दौरे के क्रम में श्रीमती सिंह ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी.समाधान हेतु सार्थक पहल करने का भरोसा भी लोगों को दिलाया.उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। साथ हीं राज्य सरकार पर निशाना साधा.कहा कि हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है.राज्य में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ा है.बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। जिससे राज्य में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। संध्या सिंह ने कहा कि ऐसी निक्कमी सरकार को जानता आगामी विस चुनाव में उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने ग्रामीणों से भाजपा को अपना समर्थन देते रहने का अपील भी किया। मौके भाजपा के कई नेता कार्यक्रता और काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## जहरीला सर्प डंसने से युवक की मौत, गांव में छाया मातम

**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार प्रखंड के नावाटांड गाँव के 40 वर्षीय राजकुमार यादव उर्फ़ नेपाली यादव पिता दर्शनी यादव ने अपने खेत मे करीब 5 बजे संध्या मे अपने खेत की जोताई करने के क्रम मे जहरीला सर्प ने डंस लिया। आनन -फानन मे मृतक के परिजनों ने इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर ले गया और इलाज क्रम मे मौत हो गया, सर्प की पहचान नहीं हो पाया। मृतक के नाबालिक दो बच्चें है। शव की पुलिस ने कब्ज़ा मे अत्यंत परीक्षण के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया।घटना की सूचना मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ताओं व सांसद प्रतिनिधि, पंचायत के मुखिया पति अलोक यादव ने

# अनुमंडल कार्यालय में 15 अगस्त को लेकर बैठक, झंडोतोलन का समय निर्धारित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर अनुमंडल कार्यालय में आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के लेकर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न कार्यालय, विद्यालय एवं कॉलेज में झंडोतोलन हेतु समय निर्धारित किया गया जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी आवासीय कार्यालय 8:00 बजे पूर्वाह्न, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आवासीय कार्यालय 8:15 बजे अनुमंडल कार्यालय छतरपुर 8:30 बजे, प्रखंड कार्यालय 8:45 बजे, नगर पंचायत छतरपुर 8:55 बजे, राजकीय उच्च विद्यालय 9:45 बजे, गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज 10:00 बजे, गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल डिग्री कॉलेज सडमा 10:10 बजे,



कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय10:35 पूर्वाहन आदि कार्यालय, विद्यालयों मे झंडोतोलन के लिए समय निर्धारित किया गया है वहीं दोपहर 1:00 बजे से छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में प्रशासन एकादश एवं पत्रकार एकादश के बीच फैंसी फुटबॉल मैच का अभी आयोजन किया गया है.इस बैठक मे एसडीओ हिरा कुमार, एलआरडीसी विजय करकट्टा, डीएसपी नौशाद आलम, प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार, अंचलाधिकारी छतरपुर नित्यानंद प्रसाद, थाना प्रभारी छतरपुर प्रशांत प्रसाद, नगर कार्यपालक पदाधिकारी, सीडीपीओ शीला कुमारी, गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज से स्वास्ति कुमारी, डिग्री कॉलेज से राजकिशोर लाल, समाजसेवी अरविंद गुप्ता और बीस सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोपी 63 वर्षीय व्यक्ति को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के जिला व सत्र न्यायाधीश चतुर्थ पोक्सो एक्ट के स्पेशल जज अभिमन्यु कुमार की अदालत ने नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोपी लेस्लीगंज थाना अंतर्गत मुंदरिया निवासी एजाज अहमद 63 वर्ष को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। व 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस संबंध में पीड़िता जो लेस्लीगंज थाना अंतर्गत मुंदरिया निवासी है ने महिला थाना डाल्टनगंज में एजाज अहमद के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जो महिला थाना कांड संख्या 3 सन 2023 दिनांक 18 जनवरी 2023 को भारतीय दंड विधान की धारा 376 व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 4 में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। मुदालय पर आरोप था कि वह पीड़िता के साथ वर्ष 2019 से जब पीड़िता के घर कोई नहीं रहता था तब से अकेला पाकर उसे अपने पार्टी के सदस्यों से मरवा देने की धमकी देकर उसके साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाता था। और चिल्लाने की कोशिश करने पर पीड़िता का मुंह और गला दबा देता था। तथा चाकू से डरा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता था। इस प्रकार उसके साथ कई अवसरों पर शारीरिक संबंध बनाया था। दिनांक 17 जनवरी 2023 को जब पीड़िता ट्यूशन पढ़ने के लिए डाल्टनगंज आई थी तभी उसका पीछा किया था ।जिस पर उसके द्वारा घटना के बारे में अपने घर वालों को सूचना दी गई। पीड़िता के लिखित प्रतिवेदन पर महिला थाना डाल्टनगंज में यह केस दर्ज किया गया था। अदालत में साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए एजाज अहमद को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

## गोदाम प्रबंधक की मनमानी से परेशान विक्रेताओं ने खाद्य सुरक्षा आयोग को लिखा पत्र

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय खाद्य निगम के पड़वा गोदाम प्रबंधक की मनमानी से परेशान जनवितरण प्रणाली के विक्रेताओं ने खाद्य सुरक्षा आयोग को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है.पत्र में विक्रेताओं ने कहा है कि गोदाम प्रबंधक प्रभु राम मनमाने तरीके से जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं को खाद्यान्न उपलब्ध करा रहे हैं.इनके द्वारा मई माह में किसी भी विक्रेता को खाद्यान्न नही दिया गया.जून माह में भी 64 में से 22 विक्रेताओं को खाद्यान्न दिया ही नहीं गया.जुलाई माह मे भी मात्र आठ से दस विक्रेताओं को खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया.जबकि नियमतः वर्तमान में अगस्त माह का खाद्यान्न इन्हे उपलब्ध कराना चाहिए था.लेकिन लगातार तीन माह से राशन उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्डधारियों के बीच खाद्यान्न का वितरण नही हो पा रहा है.जिसके चलते कई कार्डधारियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है.विक्रेताओं ने खाद्य सुरक्षा आयोग से गोदाम प्रबंधक प्रभु राम के कार्यकाल की जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है.आयोग से विक्रेताओं ने खाद्यान्न जल्द उपलब्ध करवाने का भी मांग किया है.ताकि जरूरतमंद परिवारों के बीच उनका वितरण किया जा सके.यहां बताते चलें कि पहले खाद्य निगम के विश्रामपुर गोदाम से ही पांडू,उंटारी,नावा बाजार प्रखंड के डिलार खाद्यान्न का उठाव करते थे.लेकिन कुछ वर्ष पूर्व नावा बाजार प्रखंड के विक्रेताओं को पड़वा एफसीआई गोदाम से जोड़ दिया गया.जिसके बाद पड़वा गोदाम से ही डीलर खाद्यान्न का उठाव करते हैं।

**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

लोहरदगा जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 में खाद्यान्न सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु विक्रेताओं से दिनांक 17.08.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक मुहरबन्द निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक 17.08.2024 के पूर्वाह्न 11:30 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा (ITDA) के कार्यालय कक्ष में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी, जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्तें लोहरदगा जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा
परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा

PR 332260 Lohardaga(24-25).D

# जिला शिक्षा अधीक्षक का पलामू जिला झारोटेप टीम ने गर्म जोशी के साथ किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला के नवपदस्थापित जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार का पलामू जिला झारोटेप टीम के द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया है जिला शिक्षा अधीक्षक महोदय से उपस्थित सभी सदस्यों का परिचय कराया गया समयाभाव के कारण जिला शिक्षा अधीक्षक ने अगले दो-तीन दिन में आकर मिलने को कहा और शिक्षक हित में सभी तरह का सहयोग करने के लिए अपनी सहमति जताई उन्होंने कहा की पलामू जिला को शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल करना मेरा कार्य होगा एवं शिक्षकों को सम्मानपूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वाहन करने हेतु प्रेरित किया।स्वागत करता में पलामू जिला झारोटेप अध्यक्ष मनोज मेहता महासचिव विनय कुमार उपाध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता संजय कुमार कोषाध्यक्ष राम उपेंद्र पांडे जिला मीडिया प्रभारी संजय चौधरी पिंकू जी रोशन जी अमोद कुमार प्रमोद कुमार इत्यादि कई शिक्षक ने माल्यार्पण कर एवं बुके प्रदान कर जिला शिक्षा अधीक्षक का स्वागत किया।

### बच्चों की पढ़ाई में कोई भी चीज नहीं बनेगी बाधा : विधायक भूषण बाड़ा

# विधायक भूषण बाड़ा ने 80 बच्चों को दिया साइकिल, तो खिले बच्चों के चेहरे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री बालक उत्कृष्ट विद्यालय सिमडेगा एवं मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय के 80 बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया। मौके पर विधायक सभी छात्रों को साइकिल देते हुए उनके उज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। विधायक ने कहा कि गरीब बच्चों की पढ़ाई करने के लिए राज्य सरकार द्वारा कई सुविधाएं बाहाल कराई जा रही है। साइकिल के अभाव में कई बार बच्चे समय पर स्कूल नहीं आ पाते थे। लेकिन अब साइकिल की कमी पढ़ाई में बाधा नहीं बनेगी। विधायक ने कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पूरी ईमानदारी और लगन के साथ पढ़ाई जारी रखें। आप सभी लक्ष्य निर्धारित कर सिर्फ पढ़ाई में फोकस करें। आपकी पढ़ाई के लिए हर तरह से सुविधा मुहैया कराई जायेगी।



किसी तरह की कोई परेशानी हो तो उनसे संपर्क करें। विधायक ने शिक्षको को बच्चों का भविष्य गढ़ने में किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक ने लगभग 80 छात्रों को साइकिल दी। कार्यक्रम में जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य समरोम पौल टोपनो, जिप सदस्य अजय एक्का, बीडीओ समीर रौनियार खलखो, जिला 20सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अक्षण), बीपीओ प्रधानाध्यापक अब्राहम केरकेट्टा, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन,20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, डा. इम्तियाज हुसैन, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, नीला नाग आदि उपस्थित थे। **किताबों से दोस्ती करें बच्चे : जोसिमा खाखा** कार्यक्रम में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि बच्चे सिर्फ पढ़ाई पर फोकस करें। अभी उम्र पढ़ाई करने का है, बुरी आदतों से दूर रहें। जोसिमा ने कहा कि बच्चे पुस्तक से दोस्ती करें , ज्यादा समय पुस्तक के साथ बिताए , मोबाइल का उपयोग सीमित समय के लिए करें। अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जी-तोड़ मेहनत करें।

**कार्यालय - जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार**
**बालिका उच्च विद्यालय परिसर, लातेहार**
**ई मेल deolatehar1@gmail.com/rmsaltr@gmail.com**

**आम - सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 4044/2022 से सम्बद्ध अवमाननावाद संख्या 612/2022 के मामले में पारित न्यायादेश दिनांक 15.12.2022 के क्रमांक –4 एवं क्रमांक –5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या –21/2016 अन्तर्गत संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा –2016 (मुख्य) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर वाणिज्य विषय चयनित अभ्यर्थी की अनुशंसा कार्यालय को प्राप्त है के आलोक में चयनित अभ्यर्थियों का दिनांक 12.08.2024 को जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, स्थानीय, जाति, आधार एवं अन्य प्रमाण पत्रों की भौतिक जाँच की जायेगी। चयनित अभ्यर्थी की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रमांक | विषय | नाम एवं अनुक्रमांक | प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वाणिज्य | राजेन्द्र पासवान– 14147151792 | 12.08.2024 |
| 2 | वाणिज्य | जयनन्दन राम – 19124190151 | |

उपरोक्त सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी प्रमाण पत्रों एव अन्य आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रति तथा 02 सेट स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

पत्रांक :–
दिनांक :–

जिला शिक्षा पदाधिकारी
लातेहार

PR 332231 Human Resource Developement (24-25)_D

# पलामू पुलिस सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से युवाओं को दे रहे नि-शुल्क कोचिंग व प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू सामुदायिक पुलिसिंग के तत्वाधान में अति उग्रवाद प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र मनातू जिला परिषद भवन में बच्चों के लिए निशुल्क कोचिंग सेंटर की शुरुआत मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने की है। मौके पर उपस्थित मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने कहा की इस कोचिंग सेंटर में जो भी इच्छुक बच्चे इंटर के छात्र छात्रा हैं।वह यहां कोचिंग पढ़ने के लिए संपर्क कर सकते हैं।यहां पर बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी उत्पाद सिपाही झारखंड पुलिस इत्यादि का भी तैयारी करवाया जाएगा। थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग का मूल सिद्धांत यह है कि एक पुलिसकर्मी वर्दी वाला नागरिक होता है और एक नागरिक बिना वर्दी वाला पुलिसकर्मी होता है। सामुदायिक पुलिसिंग का सार पुलिसकर्मियों और नागरिकों के



बीच की दूरी को इस हद तक कम करना है कि पुलिसकर्मी उस समुदाय का एक एकीकृत हिस्सा बन जाए जिसकी वे सेवा करते हैं। इसे कानून को लागू करने वाले दर्शन के रूप में परिभाषित किया गया है जो पुलिस को उस क्षेत्र में रहने और कार्य करने वाले नागरिकों के साथ एक मजबूत संबंध स्थापित करने के लिये दोनों को एक ही क्षेत्र में लगातार कार्य करने की अनुमति देता है। यह पुलिस और जनता के बीच विश्वास की कमी को कम करने में मदद करता है क्योंकि इसके लिये पुलिस को अपराध की रोकथाम और अपराध का पता लगाने, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने तथा स्थानीय संघर्षों को हल करने हेतु समुदाय के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता होती है, जिसका उद्देश्य जीवन और सुरक्षा की भावना की बेहतर गुणवत्ता प्रदान करना है।

## हथियार के साथ गिरफ्तार युवक को भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सतबरवा थाना क्षेत्र के दुलसुलमा गांव निवासी को विकास कुमार को आर्म्स एक्ट में गुरुवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया। इस बात की जानकारी थाना प्रभारी अंचित कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चैटदार शर्ट पहने एक व्यक्ति के पास हथियार देखा गया है। तत्वरित कार्रवाई करते हुए एक देसी कट्टा, एक 8 एम एम का जिंदा कारतूस के साथ विकास कुमार 21 वर्ष पिता अखिलेश सिंह को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत न्यायिक हिरासत भेज दिया । थाना प्रभारी ने आम जनों से आह्वान किया है कि इस तरह कहीं भी कुछ ऐसा लगे या दिखें, तो सतबरवा थाना को तुरंत सूचित करें। हम लोग तत्पर कार्रवाई को लेकर कृत संकल्पित है।

**JHRKHAND STATE BEVERAGES CORPORATION LTD. RANCHI**
(A GOVT. OF JHARKHAND UNDERTAKING)
Corporate Identification No :-U51228JH2010SGC014519, TIN No - 20520108277
UtpadBhawan, Ground Floor, Near New Police Station, Kanke Road, Ranchi - 834008
E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com

EOI Notice No :- JSBCL/01 Date-08-08-2024

**Expression of Interest (EOI) for Selection of Bidder Cum Technical Support Agency for Implementation, Supply, Installation, Operation & Maintenance of Central Command & Control Center (CC&CC)**

Jharkhand State Beverages Corporation Limited, Government of Jharkhand (Purchaser) invites Expression of Interests (EOIs) from prospective bidders ('Bidders') of repute for Supply, Installation, Operation & Maintenance of establishing Central Command and Control Center System, Fully Smart Solution (RFID, CCTV, Sensors, Cameras, Boom Barriers etc.)for real time Excise Surveillance in the State of Jharkhand. The Successful Bidder will carry out the scope of work in accordance with the specifications provided in a detailed Request for Proposal (RFP) document which shall be brought out by the Purchaser, subsequently. Detailed EOI document is available at https://jharkhandtenders.gov.in&http://jsbcl.inInterested companies &firms may visit the website for more details.

Important dates

| SN. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Uploading of EOI document on website. | 10-08-2024 | |
| 2 | Date of Pre Bid meeting for EOI | 16-08-2024 | |
| 3 | Starting Date for submission of EOI | 20-08-2024 | |
| 4 | Last date/closing datefor submission of EOI | 09/09/2024 | 04:00 P.M. |
| 5 | Last date for submission of EOI document (Hard copy) in the JSBCL office. | 09/09/2024 | 05:00 P.M. |
| 6 | Online opening bid of EOI. | 11/09/2024 | 04:30 P.M. |

Note :- 1) For details of EOI terms & conditions please visit website https://jharkhandtenders.gov.in&http://jsbcl.infrom the dates mentioned above.
2) Bidders has to submit their EOI online through https://jharkhandtenders.gov.inand physical copy of the same is to be submitted in JSBCL (HQ) at Ranchi.
3) The authority has right to cancel this tender at any stage without any clarification.

Sd/-
General Manager (Operation),
Jharkhand State Beverages Corporation Ltd.
Jhakhand, Ranchi

PR NO-332253 (Excise) 24-25

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 217

शुक्रवार

09.08.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

जिंदगी में एक सफलता कुछ संभावनाओं को जन्म देती हैं, लेकिन एक विफलता सैकड़ों संभावनाओं को जन्म दे देती है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने भारत के खनन और खनिज क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलावों पर प्रकाश डाला

**नई दिल्ली :** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने गुरुवार को भारत के खनन और खनिज क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलावों पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की खनन और अन्वेषण कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के साथ रचनात्मक बातचीत की।खान मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने राजधानी नई दिल्ली में भारतीय खनन, भूवैज्ञानिक एवं धातुकर्म संस्थान द्वारा आयोजित खान एवं खनिज क्षेत्र में चुनौतियों एवं अवसरों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया।

### एक बार फिर भूकंप से हिला जापान, सुनामी की चेतावनी जारी

**नयी दिल्ली :** जापान एक बार फिर भूकंप का शिकार हुआ है. गुरुवार दक्षिणी जापान के क्यूशी इलाके में 7.1 तीव्रता वाला भीषण भूकंप आया है. शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक भूकंप का केंद्र निचिनान से 20 किमी उत्तर-पूर्व में 25 किमी की गहराई पर था. भूकंप के बाद अधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी जारी की है.भूकंप के झटके इतनी तेज थे कि शॉपिंग मॉल का समान, कुर्सियां, पंखे और टेबल झोले की तरह हिलने लगे. सुनामी की चेतावनी के बाद पूरे जापान में खौफ का माहौल पैदा हो गया है. दावा किया जा रहा है कि दावा किया जा रहा है कि थोड़े समय के दरमियान 2 बड़े भूकंप आए हैं. जिसमें एक 6.9 तीव्रता का भूकंप समुद्र तट से दूर आया और 7.1 तीव्रता का भूकंप दक्षिणी जापान के तट के ठीक पास आया है.

### ईडी के एक अधिकारी को घूस लेते सीबीआई ने दिल्ली के लाजपत नगर से किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने दिल्ली के लाजपत नगर इलाके से घूस लेते हुए प्रवर्तन निदेशलय के एक सहायक निदेशक संदीप सिंह यादव को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने गुरुवार को यह जानकारी दी।सीबीआई ने यहां जारी एक बयान में कहा है कि सहायक निदेशक संदीप सिंह यादव को एक ज्वेलर्स के बेटे से 20 लाख रुपये लेते हुए मौके पर रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई के मुताबिक ज्वेलर्स के खिलाफ ईडी ने एक मामला दर्ज किया था। उस मामले में बचाव के एवज में घूस की राशि ली जा रही थी। सीबीआई इस गिरफ्तार ईडी के सहायक निदेशक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करेगी

### भारत-बांग्लादेश सीमा पूरी तरह सुरक्षित : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी:** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि भारत-बांग्लादेश सीमा पूरी तरह सुरक्षित है। सीमा पर पूरी तरह से चौकसी बरती जा रही है। बांग्लादेश से कोई भी व्यक्ति अवैध तरीके से अब तक भारत में प्रवेश नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उपयुक्त वीजा और पासपोर्ट के साथ लोग बांग्लादेश से भारत में आ रहे हैं। मुख्यमंत्री आज एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि बांग्लादेश में तख्तापलट होने की वजह से कोई भी वहां से भारत में नहीं आया है। उन्होंने कहा कि हम सीमा की पूरी तरह सुरक्षा करने तथा अवैध अनुप्रवेश को रोकने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

### हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ 11 अगस्त से सहजानंद राय

**गोरखपुर :** हर घर तिरंगा अभियान को लेकर गुरुवार को क्षेत्रीय कार्यालय पर गोरखपुर जिले के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की कार्यशाला आयोजित की गई। क्षेत्रीय कार्यालय पर संयुक्त प्रेस वार्ता में क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय एवं प्रदेश उपाध्यक्ष व गोरखपुर के जिला प्रभारी सलिल विश्नोई में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ 11 अगस्त से होगा। इसके पहले जिला व मण्डल स्तर की संगठनात्मक तैयारी बैठक होगी।उन्होंने कि पार्टी नेतृत्व द्वारा प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार 11,12,13 अगस्त को युवा मोर्चा कार्यकर्ता विधानसभा स्तर पर तिरंगा यात्रा निकालेंगे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30° |
| न्युनतम | 24° |

शहीद निर्मल महतो के 37 वें शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# बदल रहा राज्य की तस्वीर व तकदीर : हेमंत सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अमर शहीद निर्मल दा। एक ऐसी शख्सियत, जो झारखंड अलग राज्य आंदोलन के एक अहम स्तंभ थे। अलग राज्य के लंबे समय तक चले संघर्ष में उनका योगदान कभी भुल नहीं सकते हैं। आज उनका बलिदान दिवस है। इस अवसर पर सभी अमर वीर शहीदों को शत-शत नमन। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अमर वीर शहीद निर्मल महतो जी के 37 वें बलिदान दिवस पर उलियान, जमशेदपुर स्थित उनके समाधि स्थल एवं यहां स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने अमर शहीद निर्मल महतो जी के शहादत दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने राज्यवासियों के हित में कई ऐतिहासिक और निर्णायक कदम उठाए हैं।

हमारी सरकार ने सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना लागू कर उनके बुढ़ापे की लाठी प्रदान की है । वही बुढ़ापे में कोई पेंशन से वंचित न रहे, इसके लिए सर्वजन पेंशन योजना शुरू की है। ऐसे ही अनेकों योजनाएं हैं , जिसका सीधा फायदा इस राज्य के आदिवासी, दलित,गरीब, मजदूर किसान, महिला और नौजवानों समेत हर वर्ग और तबके को हो रहा है। हम अपनी योजनाओं के माध्यम से इस राज्य की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य निरंतर करते आ रहे हैं।

### सरकार की योजनाओं से जुड़े,दूसरों को जुड़ने के लिए भी प्रेरित करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपनी जरूरत की योजनाओं से जुड़े और जिन्हें इन योजनाओं की जानकारी नहीं है, उन्हें इसकी जानकारी देकर योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रेरित करें । सभी के सहयोग और भागीदारी से सभी को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### नियुक्ति नियमावली बनाई, नौजवानों को बड़े पैमाने पर मिल रहा रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के नौजवानों को सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में यहां ना तो नियुक्ति नियमावली ही बनी और ना ही नियुक्तियों को लेकर कोई ठोस प्रयास किए गए। लेकिन, हमारी सरकार नियुक्ति नियमावली बनाकर सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्तियां कर रही हैं। वहीं, निजी संस्थाओं और संस्थानों में भी हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है ।



### जब हमारे बच्चे आगे बढ़ेंगे तो राज्य भी आगे बढ़ेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर शिक्षा से बच्चों का बेहतर भविष्य बन सकता है ।जब बच्चे पढ़- लिख कर आगे बढ़ेंगे तो राज्य भी आगे बढ़ेगा। यही वजह है कि हमारी सरकार बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी गरीब बच्चों की पढ़ाई पैसे की तंगी की वजह से प्रभावित न हो, इसके लिए शिक्षा से जुड़ी कई योजनाएं चल रही हैं। हमारी सरकार ने गुरु जी क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत बच्चों को 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन सरकार अपनी गारंटी पर दे रही है। हमारे आदिवासी- दलित गरीब बच्चे पढ़ लिख कर ऊंचे पदों पर पहुंचे, इसी सोच के साथ हम अपनी योजनाओं को धरातल पर उतर रहे हैं।

### महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार संकल्पित

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहे हैं । महिलाएं आगे बढ़े, इसके लिए कई योजनाएं हैं। इसी कड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना की शुरुआत हो रही है । इस योजना के अंतर्गत 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी। राज्य की ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को इसका लाभ मिले, इसके लिए इसके आवेदन की प्रक्रिया को काफी सरल रखा गया है। महिलाएं आगे आएं और इस योजना से जुड़कर अपनी प्रगति का एक नया रास्ता बनाएं ।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस कार्यक्रम में मंत्री चम्पाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन, विधायक सविता महतो, विधायक संजीव सरदार, विधायक समीर मोहंती, विधायक मंगल कालिंदी, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरि, जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार समेत अन्य मौजूद थे।

## वक्फ बोर्ड संशोधन बिल लोकसभा में पेश

बिल पेश होते ही हुआ भारी हंगामा,कई पार्टियों ने किया विरोध



**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया। इस बिल का कांग्रेस, सपा समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने जोरदार विरोध किया। इस बिल को लेकर लोकसभा में भारी हंगामा भी हुआ। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि यह विधेयक संविधान पर एक मौलिक हमला है। इस विधेयक के माध्यम से वे यह प्रावधान कर रहे हैं कि गैर-मुस्लिम भी वक्फ गवर्निंग काउंसिल के सदस्य होंगे। यह धर्म की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। इसके बाद ईसाइयों, फिर जैनियों का नंबर आएगा। कांग्रेस सांसद ने कहा कि भारत के लोग अब इस तरह की विभाजनकारी राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि वक्फ बिल संविधान की मूल भावनाओं के खिलाफ है। वक्फ बिल अधिकारों पर चोट है।अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस बिल में धार्मिक आजादी में कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया है। किसी तरह से संविधान का उल्लंघन नहीं हुआ है। किसी का हक छिनने की बात तो छोड़िए जिनको आज तक कभी मौका नहीं मिला। उनको हक देने के लिए यह बिल लाया गया है। किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष के लोग मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं। कल रात तक मुस्लिम प्रतिनिधिमंडल मेरे पास आए। कई सांसदों ने मुझे बताया है कि माफिया ने वक्फ बोर्डों पर कब्जा कर लिया है।कुछ सांसदों ने कहा है कि वे व्यक्तिगत रूप से इस विधेयक का समर्थन करते हैं।

**कांग्रेस सांसद ने कहा कि भारत के लोग अब इस तरह की विभाजनकारी राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि वक्फ बिल संविधान की मूल भावनाओं के खिलाफ है। वक्फ बिल अधिकारों पर चोट है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस बिल में धार्मिक आजादी में कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया है।**

## आईईडी ब्लास्ट में जवान घायल, किया गया एयरलिफ्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चाईबासा :** पश्चिम सिंहभूम जिले में लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में गुरुवार की सुबह सारंडा जंगल में नक्सलियों के द्वारा एक आईईडी विस्फोट किया गया है. जिसमें कोबरा बटालियन के एक एएसआई घायल हुए हैं. घायल जवान कोबरा 209 बटालियन के जितेंद्र दानी हैं. उन्हें इलाज के लिए रांची लाया गया. घटना की पुष्टि पुलिस मुख्यालय और पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने की है. अभियान के दौरान गुरुवार सुबह लगभग 07.30 बजे छोटानागरा थाना क्षेत्र के वनग्राम बलिबा के आस-पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये आईईडी को विस्फोट किया गया. जिसकी चपेट में आने से कोबरा 209 बटालियन के एसआई जितेन्द्र दानी जख्मी हो गए. जख्मी जवान की स्थिति स्थिर है.पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मुख्यालय, झारखंड, रांची और सीआरपीएफ झारखंड सेक्टर, झारखण्ड रांची के सहयोग से हेलीकॉप्टर के माध्यम से प्राथमिक उपचार के पश्चात जख्मी पदाधिकारी को उच्चत्तर इलाज हेतु तत्काल रॉची भेजा गया है. नक्सलियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है.



## पेरिस ओलंपिक: भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जीता कांस्य पदक

**एजेंसी**

**पेरिस :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल किए और भारत को स्पेन के खिलाफ बढ़त दिलाई जो अंत में निर्णायक साबित हुई। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीता था और अब लगातार दूसरी बार टीम पोडियम फिनिश करने में सफल रही है। भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला था और टीम ने इस दिग्गज खिलाड़ी को शानदार विदाई दी है। भारत की दीवार कहे जाने वाले श्रीजेश टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा हैं। भारत ने इस तरह ओलंपिक में हॉकी स्पर्धा में अपना 13वां पदक जीता।भारत और स्पेन के बीच पहला क्वार्टर गोल रहित बराबरी पर रहा था। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में स्पेन ने गोल कर बढ़त हासिल कर ली थी। हालांकि, दूसरा क्वार्टर खत्म होने से कुछ समय पहले ही हरमनप्रीत सिंह गोल कर भारत को बराबरी दिलाई। दोनों टीमों के बीच हॉफ टाइम तक मुकाबला 2-2 की बराबरी पर चल रहा था। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में हरमनप्रीत सिंह ने भारत को बढ़त दिलाई। चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल करने की काफी कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। हरमनप्रीत ने जहां भारत को बढ़त दिलाई, वहीं श्रीजेश ने गोल पोस्ट पर शानदार बचाव कर स्पेन को बराबरी करने से रोके रखा।

## पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन



**एजेंसी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के 34 साल के वाम मोर्चा शासन के दूसरे और आखिरी मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य का गुरुवार सुबह निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। बुद्धदेव 2000 से 2011 तक लगातार 11 साल तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। बुद्धदेव की निधन की खबर उनके बेटे सुचेतन भट्टाचार्य ने गुरुवार सुबह दी। उनके निधन से पूरे बंगाल में शोक का लहर है। बंगाल में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन पर शोक जताया। जानकारी के मुताबिक, बुद्धदेव ने सुबह नाश्ता भी किया था। इसके बाद वे अस्वस्थ हुए। सुबह करीब 8.20 बजे पाम एवेन्यू स्थित घर पर ही उन्होंने देह त्याग दिया। खबर मिलने के बाद उनके परिजन और राजनीतिक लोग एकत्रित होने शुरू हो गए। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि बुधवार शाम से ही उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। बुद्धदेव को सांस लेने में तकलीफ चरम सीमा पर पहुंच गई। फिर थोड़ी देर में उनकी स्थिति थोड़ी ठीक हुई। फिर तय हुआ कि गुरुवार सुबह 11 बजे डॉक्टर आकर उनकी जांच करेंगे। जरूरत पड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा, क्योंकि वह अस्पताल जाने में बहुत अनिच्छुक थे। इसलिए डॉक्टरों की सलाह पर विचार किया जाएगा, लेकिन गुरुवार की सुबह से बुद्धदेव फिर बीमार पड़ गए।

### अब आधार कार्ड में जन्मतिथि और नाम बदलवाना आसान नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी):** अब आधार कार्ड में जन्मतिथि और नाम बदलवाना आसान नहीं रहा। यूनीक आईडेंटिटीफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) के बदले नियमों से आवेदक परेशान हैं। जन्मतिथि में संशोधन के लिए जन्म प्रमाणपत्र और हाईस्कूल की मार्कशीट को आवश्यक कर दिया गया है।वहीं, पूरा नाम बदलने पर भारत सरकार की गजट प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है। 60 फीसदी संशोधन इन्हीं के हैं।

## झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2024 आज से शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2024 को लेकर आज 32 आदिवासी समुदायों द्वारा धुमकुड़िया भवन करम टोली चौक से बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान जेल चौक तक रीझ-रंग शोभा यात्रा निकाली जाएगी। झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2024 का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में राज्य समन्वय समिति सह सांसद राज्यसभा शिबू सोरेन मेले में प्रदर्शनी शिविर, आदिवासी चित्रकार शिविर और आदिवासी व्यंजन का उद्घाटन करेंगे। तत्पश्चात उनके द्वारा शहीद वेदी पर पुष्प अर्पण किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मिजोरम, ओडिशा , उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़ आदि अन्य राज्यों से कलाकार पारंपरिक आदिवासी नृत्य की अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे। मेले में अखड़ा दर्शन, 8 जनजातियों का गीत नृत्य,पद्मश्री मुकुंद नायक के द्वारा नागपुरी गीत नृत्य, जननी झूमर,वर्षा लकड़ा और उनके समूह द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की ऐतिहासिक गाथा का कथात्मक संगीतमय नृत्य नाटिका, संथाली बैंड (आधुनिक संथाली गायन वादन गायिका शेरोन मरांडी) द्वारा प्रस्तुति, झारखंड झरोखा लोक कला वाद्य यंत्र एवं परिधान की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं परिवर्तन संस्था के आदिवासी दिव्यांगों बच्चों द्वारा ट्राईबल कल्चर इन फ्रेगमैन स्टाइलिश इन परिधान दर्शन एवं आश्रम विद्यालय के छात्र और छात्राओं के द्वारा चारित्रिक गुणों पर आधारित एक नाटक की प्रस्तुति दी जाएगी।मेले में इस बार 12 पुस्तकों का लोकार्पण और वन अधिकार पट्टा का वितरण भी किया जाएगा।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# विस्थापित रैयत व सीसीएल प्रबधंन के बीच वार्ता हुई विफल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया के बहेरा गांव के विस्थापित रैयत जाहिद अली एवं अन्य रैयतो द्वारा पिपरवार एरिया प्रबंधन को सौंपे गये मांग पत्र को लेकर गुरुवार को पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में रैयत और प्रबंधन के बीच वार्ता हुई।वार्ता मे मुख्य रूप से पिपरवार के राजधर रेलवे साईडिंग से विस्थापित होने पर पेड़-पौधा का मुआवजा देने एंव प्लॉट की समस्या का समाधान करने को लेकर विचार विमर्श किया गया।वार्ता मे रैयत जाहिद अली ने बताया कि यह मामला 20 साल पहले का है।राजधर रेलवे साइडिंग निर्माण के दौरान उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन प्लॉट की समस्या का हवाला देते हुए प्रबंधन के द्वारा अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है।उन्होंने कहा कि उनके पिता कार्यालय का चक्कर लगाकर थक गये और उनका निधन होने के बाद से अब वह कार्यालय का चक्कर लगा रहे है।इसके बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है।स्थानीय प्रबंधन से लेकर मुख्यालय स्तर तक उनके द्वारा कई बार आवेदन भी दिया जा चुका है,लेकिन अभी तक इस पर कोई पहल नहीं की गई है।इस वार्ता में काफी विचार विमर्श के बाद भी किसी भी प्रकार का हल नहीं निकलने के कारण वार्ता विफल हो गया।इसके बाद रैयतो ने 10 अगस्त से राजधर रेलवे साइडिंग को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने की घोषणा कर दी है। इस वार्ता में पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन, भूमि एवं राजस्व विभाग के मोहनलाल सिंह,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो के अलावा रैयतो मे जाहिद अली, मुजफ्फर अली,मोहम्मद वाहिद,मंजूर आलम,मोहम्मद खालिद,मोहम्मद जमाल, मोहम्मद सरफुल्लाह सहित अन्य रैयत मौजूद थे।

## मंईयां सम्मान में इंट्री के नाम पर हो रही थी वसूली



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को चान्हो प्रखंड के सॉस, ताला एवं पतरातू पंचायत में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की ऑनलाइन इंट्री को लेकर आयोजित विशेष कैंप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पतरातू पंचायत के पंचायत सचिवालय में प्रज्ञा केंद्र के संचालक वीएलइ विधायक ने डीडीसी से की कार्रवाई की मांग सचिन कुमार की ओर से योजना का आवेदन जमा करनेवाली महिलाओं से ऑनलाइन इंट्री करने के नाम पर 50-50 रुपये वसूले जाने की शिकायत के बाद उन्होंने कार्रवाई के लिए रांची के डीडीसी से बात की। मौके पर मौजूद चान्हो बीडीओ को अविलंब सचिन कुमार को ऑनलाइन इंट्री के कार्य से हटाने, महिलाओं से लिए गये पैसों को वापस कराने और पैसा नहीं लौटने पर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया। इस दौरान विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## आजसू पार्टी द्वारा ने मनाया शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ स्थित आजसु पार्टी के पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय मे गुरुवार को शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया।आजसु पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह उर्फ विधायक के नेतृत्व में आयोजित इस शहादत दिवस कार्यक्रम में पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में शहीद निर्मल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई,साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह ने कहा कि शहीद निर्मल महतो ने झारखंड राज्य को अलग राज्य का दर्जा दिलाने के लिए काफी संघर्ष किया है।उनके संघर्ष को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। वर्तमान में उनके दिखाएं मार्ग पर चलने एवं उनके अधूरे सपनों को साकार करने की जरूरत है।इस मौके पर नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह,उगन महतो,रोशन गोस्वामी,सत्येंद्र सिंह,शंभू गुप्ता,गुड्डू जायसवाल,सिधु कुमार सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

# पिपरवार कोयलांचल मे मनाया गया शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे गुरूवार को शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया।इस मौके पर शहीद निर्मल महतो चौक बमने मे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मे मौजुद लोगो ने शहीद निर्मल महतो के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और माला पहनाकर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि निर्मल दा के शहादत को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।उन्होंने अपना पूरा जीवन झारखंडियों के लिए कुर्बान कर दिया।वह वर्तमान एवं आनेवाले कई पीढ़ियों के लिए आदर्श बने रहेंगे।झारखण्ड को अलग राज्य का दर्जा वीर शहीद निर्मल महतो के बलिदान से ही मिला।

वक्ताओ ने राज्य सरकार से मांग किया कि अविलम्ब निर्मल महतो को शहीद का दर्जा दिया जाए एवं 8 अगस्त को राजकीय अवकाश की घोषणा करे।

शहीद निर्मल महतो के दिखाये मार्ग पर चलने और उनके अधुरे सपनो को साकार करने का आहवान किया गया।इस अवसर पर पार्टी के रांची जिला उपाध्यक्ष दीपक महतो,एसटी मोर्चा अध्यक्ष मुन्ना गंझू,महिला मोर्चा सचिव किरण देवी, राजेंद्र महतो,युवा मोर्चा महामंत्री रविन्द्र कुमार,शंकर प्रसाद,राय पंचायत अध्यक्ष लखन कुमार,कृष्ण कुमार, उपेंद्र कुमार,दिलीप महतो, शिवम कुमार,राज किशोर महतो,सहदेव महतो सहित कई लोग मौजुद थे।इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान के नेतृत्व में भी कार्यकर्ताओं ने शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया।इस मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# मुआवजे को लेकर उपप्रमुख वन विभाग के अधिकरी से मिले



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड के उपप्रमुख मोद्दसिर हक नें गुरूवार को जंगली हाथी के द्वारा किये गये क्षतिग्रस्त घर व फसल के मुआवजा को लेकर वन विभाग के अधिकरी से मिले।हाथियों के झुंड ने पिछले सोमवार को बैध खिजरी,सेरो, डोरंडा,करगे पत्तराटोली,बिल्टी गाँव के घरों को क्षतिग्रस्त और खेतों में लगी फसल को खा कर व रौंदकर बर्बाद कर दिया था। मुदस्सिर हक़ ने मांग पत्र देकर वन विभाग के अधिकारीयों से जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की। ग्रामीणों को और अधिक मात्रा में लाइट एवं पटाखा जल्द से जल्द उपलब्ध करने के लिए वन विभाग के अधिकारियों से मांग किये। वहीं उप प्रमुख ने मंगलवार को ग्रामीणों के बीच लाइट का बितरण किए थे। मौके पर अजीज अंसारी कूदस खान उपस्थित थे ।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में पुरूस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में गुरूवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह मे रांची में संपन्न हुए कलस्टर स्तरीय प्रतियोगिता के विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डीएवी बचरा के बच्चों को सम्मानित किया गया।इस समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक संजीव कुमार मौजूद थे। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या डॉ. आर चौधरी ने फुलो का गुलदस्ता देकर जीएम संजीव कुमार का स्वागत किया।वही स्कुल के बच्चों ने अतिथियो के सम्मान मे स्वागत गीत प्रस्तुत किया।इसके बाद जीएम सहित स्कूल के शिक्षकों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।इस कार्यक्रम में जीएम संजीव कुमार ने सफल बच्चों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है।बच्चे पढ़ाई के अलावा खेल के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करें।खेल को बढ़ावा देने के लिए सीसीएल प्रबंधन प्रयासरत है।उन्होंने कहा कि हर बच्चों की अपनी उड़ान होती है।कठिन परिश्रम और लगातार अभ्यास से बच्चे अपने लक्ष्य तक पहुंचने मे सफल होते हैं।उन्होंने सभी सफल बच्चों को बधाई देते हुए आगे भी खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की।इस मौके पर स्कुल की प्राचार्य डॉ. रिशु चौधरी,वरिष्ट शिक्षक आरबी प्रसाद सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

# मांडर से पकड़ाया डोडा से लदा ट्रक, एनसीबी ने दो को किया गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** नशे के खिलाफ एनसीबी के हाथ लगी बड़ी सफलता। एनसीबी ने मांडर से एक ट्रक बरामद किया जिसपर डोडा लदा हुआ था। नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस की ये बड़ी उपलब्धि है। बता दें एनसीबी को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक में भारी मात्रा में डोडा लोडकर खूंटी की तरफ से तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। इस सूचना के बाद एनसीबी ने खूंटी क्षेत्र में जांच अभियान चलाया जहां एक ट्रक एनसीबी की टीम को देखकर तेजी से भागने लगा। इसके बाद एनसीबी ने ट्रक का पीछा किया और मांडर थाना क्षेत्र में ट्रक को पकड़ने में सफलता हासिल कर ली। इस मामले में दो को गिरफ्तार किया गया है जिनसे एनसीबी की फिलहाल पूछताछ चल रही है।

# शिक्षकों के लिए पर्यावरण संरक्षण पर सेमीनार का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कार्मेल स्कूल सामलोंग में शिक्षकों के लिए 'पर्यावरण संरक्षण'पर सेमीनार का आयोजन किया गया। डॉ. सिस्टर डोरिस डी. सूजा (भूतपूर्व प्रधानाचार्या कार्मेल विमेंस कॉलेज पटना एवं पर्यावरण विद्) ने प्रकृति के रचयिता परम पिता ईश्वर को जीवन का एकमात्र स्रोत बताते हुए, आध्यात्मिकता से जुड़कर, अपने सकारात्मक एवं भावनात्मक विचारों एवं प्रयासों से पर्यावरण को बचाने और उससे प्यार करने पर विषेश जोर दिया और पर्यावरण संरक्षण की अपील की जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए हम प्रकृति प्रदश्र वस्तुओं को बचा सकें और उन्हे भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित कर सकें। सेमीनर के अंत में स्मृति चिह्न के रूप में उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षकों को आम पश्री भेंट की।

## जिला कार्यसमिति बैठक में हर घर तिरंगा को सफल बनाने का लिया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** भारतीय जनता पार्टी, रांची ग्रामीण की कार्यसमिति बैठक जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो की अध्यक्षता में सरला बिरला स्कूल सभागार, महिलौंग में संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए नवीन जायसवाल ने कहा कि तिरंगा हमारे अस्तित्व और स्वाभिमान के प्रतीक है। संगठन के अपेक्षानुसार युवा मोर्चा के नेतृत्व में हर घर में तिरंगा झण्डा लगाया जायेगा। बैठक को जिलाध्यक्ष के अलावे कार्यक्रम प्रभारी विनय जायसवाल, ज़िला प्रभारी बिनोद सिंह, मनोज कुमार महतो, डॉ जीतूचरण राम, रामकुमार पाहन ने भी सम्बोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने का अह्वान किया। बैठक में रणधीर चौधरी, जैलेंद्र कुमार, मनोज चौधरी, राजेंद्र साही मनकी, प्रभुदयाल बड़ाइक, प्रीतम साहू, लक्ष्मण सिंह मुंडा, सुधाकर चोबे, कुणाल सहादेव, अजय तिवारी, मुन्नी मुंडा,नेहा सिंह, सुरेंद्र चंद्रवंशी, माधुरी, रेखा, सन्नी टोप्पो, रामावतार, चुनामणि, केदार, राजेंद्र, अजय तिवारी, परमेश्वर, मोर्चा अध्यक्षगण, मण्डल अध्यक्षगण, प्रभारीगण एवं हर घर तिरंगा अभियान टोली के संयोजक, सह-संयोजक के अलावे सैकड़ो कारकर्ता शामिल हुए। मंच का संचालन जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार और समापन टाटी सिल्वे के मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने की।

## बंगलादेश में हिंदुओं के अत्याचार के खिलाफ विरोध हुआ प्रदर्शन

**नामकुम :** आज अनगड़ा प्रखण्ड के विनोद बिहारी महतो चौक मोड चतरा में, जन जाति सुरक्षा मंच के तत्वधान में बंग्लादेश में हिन्दुओ पर अत्याचार एवं उनके धार्मिक संस्थानो मंदिर घरों तथा उनके परिष्ठानों को निशाना बनाकर आग लगा दिया जा रहा है इसी को लेकर जन जाति सुरक्षा मंच विरोध प्रदर्शन किया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित हुए जन जाति सुरक्षा मंच के जिला सह संयोजक उमेश कुमार बड़ाईक ,प्रखण्ड संयोजक अजय कुमार सिंह भोगता प्रभु दयाल बड़ाईक कांके प्रखण्ड से राम प्रवेश नायक खलारी प्रखंड अध्यक्ष सलेन्द्र शर्मा ,संतोष महतो , राजेश मिश्रा रूसू महतो ,गिरिधर मिश्रा इत्यादि शामिल थे।

# मील का पत्थर साबित होगी छात्र-छात्राओं के लिये निशुल्क बस सेवा : शिल्पी नेहा तिर्की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि बिरगोड़ा नदी पर बने डायवर्सन के बहने के कारण छात्र-छात्राओं को आवागमन में हो रही बहुत अधिक परेशानियों को देखते हुए शुरू की गयी निशुल्क बस सेवा मील का पत्थर साबित होगी. श्रीमती तिर्की ने कहा कि उनकी नज़र में सुरक्षा विशेष रूप से सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी लोगों को गंभीरता के साथ इसका ध्यान रखना चाहिये। बिरगोड़ा नदी पर पुल पर बने डायवर्सन के बह जाने से अनेक गाँव का संपर्क टूट जाने के बाद विशेष रूप से स्कूल जानेवाले छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था. इस मामले में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा आज से छात्र-छात्राओं के लिये दो बस की निशुल्क सेवा शुरू की गयी. गुरुवार को पचपदा और नरकोपी रेलवे स्टेशन के पास से हरी झंडी दिखाकर श्रीमती तिर्की ने बस को रवाना किया। इस मौके पर मांडर के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, परवेज आलम, जमील मलिक सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## शहीद निर्मल महतो के त्याग और बलिदान हमेशा याद रहेगा

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेबीकेएसएस/जेएलकेएम सिल्ली विधानसभा में गुरुवार को शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर झारखंड मोड़ स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर रांची जिला महामंत्री नितिश कुमार महतो ने कहा निर्मल महतो का त्याग बलिदान एवं संघर्ष सदियों तक याद रखे जाएंगे। उनके प्रयास से ही झारखंड में सूदखोरों के खिलाफ आंदोलन चलाए गए थे। संयुक्त बिहार से झारखंड राज्य अलग हुआ और सूदखोरों एवं सामंतों से ग्रामीणों को राहत मिली है तो इसमें इनकी मुहिम का असर है,मौके पर युवा मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष विनोद कुम्हार एवं सक्रिय सदस्य रमेश मुंडा,संजय महतो, घुहीराम स्वासी,मुकेश कुमार महतो,रमेश कुमार महतो, चैतन महतो, सोनू महतो,पिंटू महतो, राहुल महतो,सरोज सिंह गणेश महतो, चांडी चरण मांझी आदि शामिल हुए।

## जंगली हाथी ने घर को ध्वस्त किया, लोग बाल-बाल बचे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के ग्राम उडिकेल में बुधवार की रात एक जंगली हाथी द्वारा महतो मुंडा की आवास को ध्वस्त कर दिया.प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार के दिन में ही बघिया पतरा में एक जंगली हाथी भटक कर आ गया. जिसे आसपास के गांव के लोग चारों ओर से घेर कर दिन भर उसे छेड़ते रहे. वन विभाग द्वारा वहां पहुंचकर लोगों को समझाया जा रहा था. मगर ग्रामीण अपने हरकत से बाज नहीं आ रहे थे. बुधवार की दर रात हाथी पतरा से निकलकर उडिकेल गांव पहुंच कर महतो मुंडा के घर को ध्वस्त कर दिया. जिससे घर के अंदर सो रहे महतो मुंडा, पुत्रवधू सीमा आईन्द घर का दीवाल गिरने से उसमें दब गए. बाद में ग्रामीण की मदद से दोनों को बाहर निकल गया. महतो मुंडा के घर में रखे 5 क्विटंल धान,साइकिल और मुर्गी दब गयी.जिससे महतो मुंडा को नुकसान का सामना करना पड़ रहा हैं. घटना की जानकारी पाकर पंचायत की मुखिया क्षत्री हेमरोम गुरुवारको गांव पहुंचे और भुक्तभोगी से मिला और उसे मुआवजा के लिए आवेदन देने को कहा. वन कर्मी वहां गए और स्थिति का जायजा लिया।

## आम आदमी पार्टी के कई प्रदेश औऱ ज़िला स्तरीय नेता आज़ाद समाज पार्टी में शामिल

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राँची के प्रेस क्लब में आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) में आम।आदमी पार्टी के कई प्रदेश और जिला के नेता ने आज़ाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया, इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लोकसभा सांसद चन्द्रशेखर आज़ाद के कुशल नेतृत्व को देखते हुए आज देश और प्रदेश में बड़े स्तर पर लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। जब से राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चन्द्रशेखर आज़ाद जी नगीना लोकसभा से जीत कर लोकसभा पहुँचे हैं और वह लोकसभा में शोषित वंचित समाज की आवाज़ बन रहे हैं, युवा, महिलांए बड़ी तेजी से इनके विचारों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं, झारखंड में भी पार्टी का जनाधार तेज़ी से बढ़ रहा है, क्योंकि आज़ाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के कार्यकर्ता और नेतागण आदिवासी, दलित, पिछड़े, मुसलमानो, ईसाई, किसान, और मज़दूर के लिए आवाज़ उठा रहे हैं, उन्हें हक़ और अधिकार दिलाने का काम कर रहे हैं।

## खूंटी में झामुमो जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):**डाक बंगला परिसर खूंटी में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष जुबैर अहमद ने झारखंड वीर अमर शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया । उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।जिलाध्यक्ष के द्वारा उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। झारखडवासी के प्रति उनकी सोच त्याग , बलिदान के बारे बताया गया। झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना चल रही है । इस योजना के बारे में जानकारी दी। इस शहादत दिवस में मुख्य रूप से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा खूँटी जिला उपाध्यक्ष मंगन मंजीत तिड़ू, युवा मोर्चा ज़िला उपाध्यक्ष विजय सँगा, खूँटी प्रखण्ड अध्यक्ष शंकर सिंह मुण्डा, सचिव महेंद्र सिंह मुण्डा, सदस्य सूर्य मुण्डा, सोमा तिड़ू, अमित पुर्ति, एजाजुल उर्फ़ मुन्नू, अरविन्द मुण्डा, संदीप टुटी, मोहम्मद शमीम, चाल्स पाहन, विष्णु मुण्डा, उदाय मुण्डा, निकील नरसिंह पहान, सँगा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक ने जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया

**नामकुम :** माननीय राजेश कच्छप जी विधायक खिजरी ने तीन दिनों से आमरण अनशन में बैठे प्रदेश अध्यक्ष अनूप केशरी जी सहित 14 वीर योद्धा को जूस पिलाकर आमरण अनशन को स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव ने कार्यक्रम स्थल पर उच्च स्तरीय वार्ता सह पत्र निर्गत कर तोड़वाये। मुख्य मुद्दा MACP, वेतन विसंगति, सरलीकरण स्थानांतरण ( गृह जिला) है। जिससे हजारों शिक्षकों को लाभ होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में धनबाद के सैकड़ो शिक्षकों/ मित्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## केंद्रीय विद्यालय के टॉपर छात्रों को यूसिल कर्मचारी संघ आज करेगा सम्मानित

**जादूगोड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के मैट्रिक व बारहवी के टॉपर छात्रों को विश्व आदिवासी दिवस पर यूसिल अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ तूरामडीह कल शुक्रवार को सम्मानित करेगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि, डुमरिया के बीडीओ नीलेश मुर्मु को बनाया गया। इधर इस बाबत संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सृजन टुडू ने कहा कि अपनी परम्परा को जीवंत रखने के लिए संथाल व हो जाति से जुडी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम का आकर्षक का केंद्र होगा। कार्यक्रम के अन्त में जादूगोड़ा, नरवा पहाड़ व यूरेनियम प्रोजेक्ट के केंद्रीय विद्यालय के टॉपर बच्चो को डुमरिया के बीडीओ नीलेश मुर्मु सम्मानित करेगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संघ के सृजन टुडू, मंगल टुडू, माणिक चंद्र मुर्मु, सुनील दिग्गी, देवी राम सोरेन लगे हुए है।

## जुगसलाई राणी सती मंदिर में धूमधाम से मना सिंधारा-तीज उत्सव, भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री राणीसती सत्संग समिति जुगसलाई द्वारा हरियाली अमावस्या पर श्री राणीसती दादी जी का सिंधारा-तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जुगसलाई राणी सती मंदिर के प्रथम तल्ला पर आयोजित हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में सर्वप्रथम सुघा-अनिल कुमार अग्रवाल (समिति के अध्यक्ष) द्वारा श्री गणेश जी और राणी सती दादी जी का पूजन किया गया। मंदिर के पुजारी बिमल पांडे ने पूजन कार्य संपन्न करवाया। दादी जी का दरबार फूलों से बहुत ही सुंदर और आकर्षक ढंग से सजाया गया था। स्थानीय प्रसिद्ध भजन गायिका सुनीता एवं गोविंद भारद्वाज एंड टीम समेत समिति के कलाकार क्रमशः सुधीर शर्मा, बैजनाथ शर्मा और जगदीश शर्मा ने मीठे-मीठे भजनों से दादी जी का गुणगान किया। इसे सफल बनाने में कमल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, कैलाश शर्मा, दिलीप अग्रवाल, दिलीप रिगसिया, राजेश कसेरा, दीपक गोयल, दिनेश अग्रवाल, निर्मल पटवारी सहित श्री राणी सती सत्संग महिला समिति का योगदान रहा।

## विधायक ने दो स्कूलो में 1 करोड़ 45 लाख की चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के द्वारा खरसावां प्रखंड के उच्च विद्यालय जोजोकुडमा में 28 लाख 46 हजार एवं +2 उच्च विद्यालय खरसावां में 1 करोड़ 17 लाख की लागत से बनने वाली चहारदीवारी निर्माण कार्य की गुरुवार को खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने हर्ष जताते हुए कहा कि विद्यालय की चारदीवारी निर्माण से विद्यालय की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। वहीं विद्यालय के स्वरूप में भी बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार शिक्षा के प्रति गंभीर है। इस दौरान समाजसेवी बासंती गागराई, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप, जीप सदस्य कालीचरण बानरा, अनुप सिंह देव, अजय सामाड अरूण जामुदा, इबरार अहमद, उमेर अहमद, राजु अंसारी, अकबर जिया, रानी हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

## दुगनी में विधायक ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां विधानसभा क्षेत्र के दुगनी गांव में बुधवार को खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने ग्रामीणों संघ बैठक कर राज्य सरकार के द्वारा जनता के बीच चालाए जा रहे महत्त्वाकांक्षी व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया। साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य की विकास पर एक अलग ही पहचान बना है। शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के गली कोचा में भी विकास की किरण पहुंची है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में गरीब और कमजोर वर्ग से आने वाली महिलाओं को सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को शुरू किया गया है। ताकि हर लाभार्थी महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए आर्थिक सहायता के रूप में मदद मिल सके। इस दौरान मुख्य रूप से सुधीर महतो, मांगीलाल महतो आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना 15 अगस्त तक पंचायत भवनों में चलेगा शिविर : उपायुक्त

**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ जिले की प्रत्येक योग्य लाभुक को उपलब्ध कराने को लेकर उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के निर्देश पर तीव्र गति से कार्य जारी है। योजना के सफल क्रियान्वयन तथा पंचायत स्तर पर आयोजित शिविर में किए जा रहे कार्यो को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने प्रखंडवार प्राप्त आवेदन, आवेदनों की पोर्टल पर एंट्री तथा लाभुक को योजना से जोड़ने हेतु प्रचार प्रसार कार्यो की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को हाइब्रिड मोड में कार्य कर योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वी एल इज जो योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान नही कर रहें है उन्हें चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतू सम्बन्धित पदाधिकारी को निदेशित किया गया।

## टीएसयूआईएसएल शहर के छात्रों के साथ मिलकर प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन पर पुस्तक लॉन्च करेगी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर के 25 से अधिक शहरी स्कूलों के छात्र स्वच्छता, स्वास्थ्य और अपशिष्ट प्रबंधन पर केंद्रित एक क्रांतिकारी पुस्तक लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। यह प्रयास राष्ट्व्यापी स्वच्छ भारत अभियान (स्वच्छ भारत मिशन) के साथ संरेखित है । स्वच्छता संवाद नामक इस पहल का नेतृत्व टाटा स्टील यूआईएसएल ने द हाइफ़न और पोटली प्रोडक्शंस के सहयोग से किया है, जिसका उद्देश्य जमशेदपुर के युवाओं को स्वच्छता और स्थिरता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है । इस अभियान की शुरुआत शहर के स्कूलों में निबंध लेखन प्रतियोगिता के साथ हुई, जिसमें छात्रों को स्वच्छ जमशेदपुर के लिए अपने दृष्टिकोण साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया । निबंध लेखन प्रतियोगिता में लगभग 3,000 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक स्कूल ने अपने दो सर्वश्रेष्ठ लेखकों को नामित किया । इन चयनित छात्रों ने 6-7 अगस्त, 2024 को जमशेदपुर में आयोजित रचनात्मक लेखन पर दो दिवसीय, व्यक्तिगत मास्टरक्लास में भाग लिया । विषयगत विशेषज्ञों के नेतृत्व में, मास्टरक्लास ने विविध लेखन शैलियों, कहानी कहने की तकनीकों और विचारों की प्रभावी अभिव्यक्ति पर ध्यान केंद्रित किया । मास्टरक्लास के दौरान अर्जित कौशल के आधार पर, छात्रों ने कहानियों और निबंधों का एक संग्रह बनाया है । इन कार्यों को स्वच्छता संवाद नामक एक प्रकाशन में संकलित किया गया है, जो कचरा प्रबंधन और स्वच्छता पर जमशेदपुर के युवाओं के रचनात्मक और व्यावहारिक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है ।

# भड़काने नहीं, आपके अंदर का डर खत्म करने आए हैं, विचार अच्छा लगे तो सपोर्ट करें : जयराम महतो

## पटमदा के काटिन में जेबीकेएसएस की बदलाव संकल्प सभा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** हम नेता बनने, विधायक, सांसद बनने नहीं आए हैं। हम आपको भड़काने नहीं, आपके अंदर का डर खत्म करने आए हैं ताकि आप भी अन्याय, अत्याचार के खिलाफ लड़ सकें। आप अगर निर्मल दा, ससुनील दा की शहादत का बदला काउंटर से लेकर दो चार बेईमानों का सफाया करते तो मुझे आज यहां भाषण देना नहीं पड़ता, हम अभी पीएचडी की पढ़ाई कर रहे होते। यह बातें गुरुवार को जेबीकेएसएस के सुप्रीमो टाईगर जयराम महतो ने पटमदा के काटिन में आयोजित बदलाव संकल्प सभा में बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 50 हजार की नौकरी बाहरियों को और 1 हजार की सम्मान राशि के लिए महिलाओं को लाइन में लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्मल दा झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष रहते उनकी हत्या हुई थी इसलिए आज मजबूरी में हेमंत सोरेन श्रद्धांजलि देने आए हैं। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन की बात करने वाले झामुमो में महासचिव बंगाल के और सलाहकार बिहार यूपी के लोग बनते हैं। जिसके बाप दादा की छाती पर गोली लगी है उसकी छाती में बैठकर राज कर रहे हैं वैसे लोग जिनके बाप दादा का कभी एक बाल भी नहीं उखड़ा।

उन्होंने कहा कि झारखंड के बारे में लोग इसलिए नहीं जानते थे क्योंकि हमारे बारे में लिखने वाला कोई नहीं था। धरती का अगर पहला अंश निकला है तो हमारा सिंहभूम है। किसानों का गांव, किसानों का प्रदेश है झारखंड। सबसे पहले अंग्रेजों ने हमारे बारे में जाना। उससे पहले किसी को सटीक जानकारी नहीं थी।

1912 में पहली बार मौखिक रूप से झारखंड मांगा गया। साइमन कमीशन को लिखित रूप से पहली बार मांगा गया।

जयपाल सिंह मुंडा के बाद विनोद बिहारी महतो के नेतृत्व में नए दौर की मांग तेज हुई। इसी आंदोलन में शहीद निर्मल महतो कोल्हान से थे। आंदोलनाकारी तो बहुत हुए लेकिन शहादत में पहला नाम आता है निर्मल महतो का। झारखंड के सबसे बड़े लीडर निर्मल महतो की शहादत हुई उसके बाद ही अलग झारखंड मिला। आज फिर से वह दौर आ रहा है कि हर घर से निर्मल महतो बनना पड़ेगा। कुछ लोग कहेंगे भड़काने के लिए हम आए हैं। निर्मल महतो ने झोला ढोने के लिए शहादत दिया है क्या? कितने जीएम है टाटा की कंपनियों में। 50 साल पहले जमशेदपुर के कई जगहों में खेत हुआ करता था खेती होती थी। हमने जिस विचारधारा के खिलाफ लड़कर अलग राज्य लिया था उन्हीं को मंत्री बनाया गया है। मौके पर झामुमो छोड़कर आए जुगल किशोर मुखी समेत काफी संख्या में लोगों ने जेबीकेएसएस का दामन थामा जिसका स्वागत जयराम महतो ने किया। सभा का संचालन फनी भूषण महतो ने किया। मौके पर केंद्रीय कमेटी के फरजान खान, नवीन महतो, किशोरी किस्कू, दिनेश महतो, भास्कर मुखी, सुब्रत महतो समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## नवल टाटा हॉकी में एनटीएचए ने रांची को शूटआउट में हराकर बना चैंपियनशिप




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नवल टाटा हॉकी झारखंड जूनियर स्टेट हॉकी चैंपियनशिप 2024 (पुरुष) में एनटीएचए ने रांची को शूटआउट में हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। नवल टाटा हॉकी अकादमी के एस्ट्रोटर्फ पर आयोजित इस चैंपियनशिप मैच में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 से बराबरी की, जिसके बाद एक नाटकीय शूटआउट में टीम एनटीएचए चैंपियन बनी। नवीन केरकेट्टा प्लेयर ऑफ द मैच रहे। टीम खूंटी और टीम सिमडेगा के बीच हार्डलाइनर्स के लिए मुकाबला हुआ। टीम सिमडेगा ने टीम खूंटी को 3-1 से हराया। टीम खूंटी की ओर से खिलाड़ी सुंदर पूर्ति प्लेयर ऑफ द मैच रहे। फाइनल मैच में सम्मानित अतिथियों, मोहन गंटा, हेड एचआर टाटा मोटर्स और रजत सिंह टाउन एडमिन और स्पोर्ट्स सहित हॉकी झारखंड के अधिकारियों की उपस्थिति थे हॉकी झारखंड के तत्वावधान में आयोजित नवल टाटा हॉकी झारखंड जूनियर स्टेट हॉकी चैंपियनशिप 2024 में झारखंड के विभिन्न जिलों से आठ टीमें शामिल थीं। सभी मैच नेवल टाटा हॉकी अकादमी, जमशेदपुर में खेले गए टूर्नामेंट के गोलकीपर~ टीम एनटीएचए से प्रभात समद - टूर्नामेंट के उभरते खिलाड़ी - ग्लेडसन भेंगरा (खूंटी) - प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट - अमृत तिर्की (रांची) को मिला।

## प्रधानमंत्री के प्रचार पर 38 करोड़ और देश की बेटी पर मात्र 70 लाख, बेशर्म है भाजपा सरकार : डॉ. अजय कुमार





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को मात्र 100 ग्राम ज्यादा वजन होने के कारण महिला कुश्ती 50 किग्रा से अयोग्य घोषित कर दिए जाने पर पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार पर 38 करोड़ रुपये खर्च किए जाते है. जिसकी कहीं कोई चर्चा नहीं होती है. वहीं देश की बेटी विनेश फोगाट जिसने विश्व स्तर पर देश का मान व गौरव बढ़ाया है. सरकार दवारा उसको दी गई आर्थिक सहयोग जो मात्र 70.45 लाख के संबंध में संसद के पटल पर खेल मंत्री मनसुख मांडवीय द्वारा जिस प्रकार ढ़िढ़ोरा पीटा गया वो ना सिर्फ शर्मनाक है बल्कि दुर्भाग्यपूर्ण भी है. डॉ. अजय ने कहा कि ऐसे मौके पर मंत्री को चाहिए की वो पेरिस ओलंपिक परिषद के समक्ष अपने देश की बेटी विनेश फोगाट का मजबूती से पक्ष रखते हुए सिल्वर मेडल के लिए दावेदारी पेश करना चाहिए था.

**जांच होनी चाहिए कहां हुई चूक**

उन्होंने कहा कि स्वर्ण पदक से मात्र एक कदम दूर पर इतनी बड़ी चूक कैसे हो गई ? क्यों इसका ध्यान नहीं रखा गया ? इसके लिए कौन जिम्मेवार है ? इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृति ना हो. उन्होंने कहा कि भारतीय ओलंपिक दल में पांच पहलवान जिसमें चार महिला एवं एक पुरूष पहलवान शामिल थे. वहीं इनकी देख रेख के लिए आठ कोच एवं चार सहायक कुल 17 लोगों की टीम थी.

**खोटा सिक्का कहने वाले की बोलती बंद**

डॉ. अजय ने कहा कि भारत की बेटी विनेश फोगाट के शान में जो लोग आज कशिदे पढ़ रहे है. उन्हीं लोगों द्वारा इस बेटी को खोटा सिक्का कहा गया था और अपनी मांगो को लेकर जंतर मंतर पर बैठी विनेश के साथ बतमीजी की गई थी. लेकिन विनेश फोगाट ने अपना दिल बड़ा कर सब कुछ भुलाकर तमाम विपरित परिस्थितियों के बावजूद विश्व स्तर पर अपने प्रदर्शन से ना सिर्फ भारत का गौरव व मान बढ़ाया बल्कि खोटा सिक्का कहने वालों को करारा जवाब भी दिया है.

## कुकड़ु व नीमडीह चौक में मनाया गया शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़/ तिरुलडीह :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड के झिमड़ी व नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के नीमडीह चौक में शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। शहीद निर्मल महतो के आदमकद मुर्ती पर माल्यार्पण कर लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। समाजसेवी खगेन महतो अपने कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ शहीद निर्मल के दोनों मुर्तियों पर जाकर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मालूम हो कि 8 अगस्त 1987 को जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित चमरिया गेस्ट हाउस के बाहर गोली मारकर उनकी निर्मम हत्या कर दिया गया था। वहीं समाज सेवी खगेन महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज शहीद निर्मल महतो के कर्म भूमि ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के उनके विभिन्न शहीद स्मारकों में शहादत दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को अपील करते हुए कहा कि आज फिर समय आ गया है, निर्मल महतो के सपनों को साकार करने के लिए बदलाव का लड़ाई लड़ने का । मौके पर खीतीश कुम्भकार ,छोटु अंसारी, संजय मंडल, संतोष,लम्बुदर महतो, अम्बिका महतो, श्रावण मंडल, रविन्द्र उरांव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## निर्मल महतो का नाम सिर्फ निर्मल दा ही नहीं, झारखंड अलग राज्य का आंदोलन भी है : रामचंद्र सहिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर गुरुवार को आजसू बोड़ाम प्रखंड कमेटी की ओर से मुकरुडीह में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल राज्य के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने शहीद निर्मल महतो के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सहिस ने कहा कि निर्मल महतो का नाम सिर्फ निर्मल दा ही नहीं बल्कि झारखंड अलग राज्य का आंदोलन भी है। झारखंडी जनमानस की पहचान, जल, जंगल, जमीन के अस्तित्व की सुरक्षा व झारखंडी मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करना निर्मल महतो की पहचान थी। झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को दिशा देने में अपना सर्वस्व कुर्बान करने वालों में निर्मल महतो स्वयं एक आंदोलन थे एक विचार थे। इससे पहले सैकड़ों बाइकों की रैली निकाल कार्यकर्ता मुकरुडीह पहुंचे।

## ग्राम प्रधान महासभा ने शहीद निर्मल दा को श्रद्धासुमन अर्पित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** ग्राम प्रधान महासभा के जिला कार्यालय में शहीद निर्मल महतो की 37वीं पुण्य तिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर ग्राम प्रधानों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान महासंघ के जिलाध्यक्ष सूरज लाल महतो ने कहा कि निर्मल दा के बलिदान से ही आज झारखंड बना है। इस दौरान ग्राम प्रधानो ने निर्मल दा के अधुरे सपनों को साकार करने और जल, जंगल व जमीन की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस मौके पर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष बिशु हेंब्रम, केंद्रीय कोषाध्यक्ष डॉ धीरेन्द्र नाथ महतो, गम्हरिया प्रखंड अध्यक्ष छुटूलाल सरदार, परमेश्वर टुडू, बुधराम हांसदा, उमेश कैबर्त, नारायण महतो, बासुदेव महतो, दिकूराम माझी, होपना सोरेन, दुलाल महतो, बुधराम दंगो, बंकु सरदार आदि उपस्थित थे।

## शहादत दिवस पर भाजपा नेता विमल बैठा ने वीर शहीद निर्मल महतो को दीं श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** भाजपा नेता विमल बैठा ने गुरुवार को वीर शहीद निर्मल महतो के 37 वां शहादत दिवस बोड़ाम बाजार में कार्यकर्ताओं के साथ में मनाया। इस दौरान उन्होंने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ शहीद निर्मल महतो के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पहले बैठा ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं की रैली के शक्ल में बोड़ाम बाजार पहुंचे थे। मौके पर संबोधित करते हुए बैठा ने कहा कि जिस उद्देश्यों से निर्मल दा ने अलग राज्य की लड़ाई लड़ी वो तो पूरी हो गई। लेकिन उनके सपनों का झारखंड नही बना। उन्होंने कहा कि निर्मल महतो एक व्यक्ति नहीं बल्कि अपने आप में ही एक संगठन कर्ता थे। जो जाति और धर्म से उपर हमेशा सोचा करते थे। इस दौरान सनातन दास, परेश दत्त, युधिष्ठिर सिंह, अजय महतो, लक्ष्मण महतो, हिमांशु महतो, साधु सिंह, निर्मल महतो ,जयदेव महतो व शंकर महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला का इंडक्शन कम ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2024 संपन्न

### कार्यक्रम में शामिल हुए शहर के नामचीन, छात्रों को जीवन में सफल होने के दिए टिप्स



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला द्वारा आज इंडक्शन कम ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2024 का आयोजन किया गया। जमशेदपुर के माइकल जॉन ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2024 -25 के नए छात्र - छात्राओं का स्वागत कर उन्हें अपने लिए निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आदित्यपुर प्रक्षेत्र जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक प्रेमरंजन शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एसडीयू बेहतर शिक्षा का एक सुनहरा माहौल उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने छात्रों से कहा कि अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़े और समाज हित में भी काम करें। विशिष्ट अतिथि दैनिक जागरण के प्रधान संपादक यूएन पाठक ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अच्छी और पूरी जानकारी प्राप्त करें तभी अच्छा रोजगार हासिल कर सकेंगे। उदितवाणी के संपादक उदित अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी अपनी योयता और क्षमता को पहचाने। सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सोना देवी विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कई लोगों का सहयोग रहा है। सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो(डॉ.)जे. पी. मिश्रा ने विद्यार्थियों को सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिर्फ परीक्षा पास करने का उद्देश्य नहीं होना चाहिए। कुलसचिव डॉ. गुलाब सिंह आज़ाद ने सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ श्री गणेश वंदना कर की गयी। सोना देवी विश्वविद्यालय के छात्र - छात्राओं ने सरस्वती वंदना कर प्रस्तुति दी। साथ ही समूह नृत्य कर लोक कला का प्रदर्शन किया। जमशेदपुर के रॉक बैंड बैंड सफर की प्रस्तुति ने उपस्थित युवाओं को खूब झुमाया। इस अवसर पर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते,टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महासचिव आर .के सिंह , जुस्को वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पाण्डेय, लाफार्ज वर्कर्स यूनियन के संजीव श्रीवास्तव, टाटा स्टील वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव (टुन्नू )चौधरी, टाटा स्टील के विभिन्न अनुषंगी इकाइयों के यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय भी उपस्थित थे। सामजसेवी पुरवी घोष , समाजसेवी अशोक अग्रवाल, नंद किशोर अग्रवाल , समाजविज्ञानी सह एसडीयू के अकादमिक कॉउन्सिल के सदस्य रविन्द्रनाथ चौबे , टाटा मोटर्स के पूर्व डीजीएम एवं मैनेजमेंट गुरु चन्द्रेश्वर खां , टाटा स्टील के पूर्व मुख्य कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स प्रभात शर्मा ने विशेष रूप से कार्यक्रम में शिरकत की और विद्यार्थियों को एसडीयू के बेहतर होते पाठ्यक्रमों से भविष्य में आगे बढ़ने की सीख दी।

## कांड्रा स्थित हरिश्चंद्र विद्या मंदिर स्कूल परिसर में भरा सड़क का पानी, शिक्षक व छात्र रहे परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांड्रा बाजार स्थित हरिश्चंद्र विद्या मंदिर विद्यालय में लगातार कई दिनों से हो रही बारिश के कारण सड़क का पानी भर जाने से शिक्षको समेत बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया है कि कांड्रा चौक से स्टेशन जानें वाली सड़क अत्यंत जजर्र हो गई है। उंक्त सड़क पर कई जगहों पर बने छोटे बड़े गड्ढों में हल्की बारिश होने पर भी पानी भर जाता है जिससे स्कूल के बच्चे एवं आम राहगीरों को आने जाने में परेशानियां झेलनी पड़ती है। स्थानीय लोगो ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पूर्व यह सड़क बनाया गया था। तबसे इसकी मरम्मत तक नहीं कि गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जेडी महतो ने बताया कि लगातार झमाझम बारिश के कारण सड़क का पानी स्कूल परिसर में भर गया है जिससे बच्चों को काफी दिक्कत हो रही है। इस बावत स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि उंक्त सड़क का टेंडर पास हो गया है। बरसात के बाद सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जाएगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉंची**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग में निबंधित सभी समुचित श्रेणी के संवेदकों को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–2159(अनु०)दिनांक19.07.2024पी०आर० संख्या–330102Building(24-25):D द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना निम्नवत पढ़ा जाय –

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/20/ 2024-25 | Proposed Gate and Site Development of Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Morabadi, Ranchi | 13163200 | Six Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 09-08-2024 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 16-08-2024 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 17-08-2024 at 11.00 AM | |

एवं अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉंची

PR.NO.332257 Building(24-25):D

# उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल के आयुक्त ने द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यों की समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने गुरुवार को चतरा जिले का दौरा किया। उन्होंने चतरा परिसदन में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक में सर्वप्रथम लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में हुए कम मतदान प्रतिशत के कारण की जानकारी ली गई। वहीं प्राप्त फार्म 6, 7 एवं 8 की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं त्रुटि रहित मतदाता सूचि निर्माण से मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। कोई भी पात्र नागरिक या अनिबंधित योग्य नागरिक जो अभीतक अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं करा सके है वे प्रपत्र 6 में आवेदन समर्पित करते हुए अपना नाम मतदाता सूचि में दर्ज करा सकते है। उन्होंने कोई भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूचि में जुड़ने से वंचित न रहे इसके लिए सभी पदाधिकारी को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को मतदाता सूचि में नाम निबंधन, विलोपन एवं संशोधन हेतु प्रपत्र 6, 6 (क), 7 एवं 8 में प्राप्त दावा/आपत्ति संबंधित प्रपत्रों के निष्पादन के गति को बढ़ाने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान आयुक्त महोदया को अवगत कराया गया की वैसे बूथों को चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है जहां से सबसे कम फार्म 6 कलेक्ट हुए है, अधिक से अधिक 18 वर्ष से उपर के मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए एवं वैसे मतदाता जिनका दो बूथों पर नाम है एवं जिन मतदाताओं की मृत्यु हो गई है वैसे मतदाताओं को चिन्हित करने के लिए, घर-घर जाकर कार्य किया जा रहा है। साथ ही मतदाता सूची में जिन मतदाताओं का फोटो ब्लैक एण्ड व्हाइट और ब्लर है वैसे मतदाता सूचि का भी निराकरण किया जा रहा है। आयुक्त ने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा जहां मतदान प्रतिशत कम हुआ है वैसे क्षेत्रों में और मेहनत करने की आवश्यकता है। बूथ स्तर के पदाधिकारी और सुपरवाईजर के साथ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को बैठक करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बूथ स्तर के पदाधिकारी एवं सुपरवाईजर के कार्यों की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया गया। फार्म प्राप्ति के संबंध में लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करने का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया गया।आयुक्त ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया।बैठक के पश्चात आयुक्त ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया यथा राजकीयकृत मध्य विद्यालय बकचुम्बा प्रखण्ड कान्हाचट्टी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोसमाडीह, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोला बाराबागी, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डुमरी बाराबागी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टटरा कान्हाचट्टी, राज्य सम्पोषित उच्च विद्यालय चतरा, राजकीयकृत मध्य विद्यालय गीता आश्रम चतरा के बूथों का निरीक्षण कर बूथ स्तर के पदाधिकारी को अधिक से अधिक फार्म 6 कलेक्ट करने, मतदाता सूचि का सुद्धीकरण, नाम विलोपन समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# खराब ट्रांसफार्मर को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत दुवारी गांव के अग्रवाल टोला में 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। खराब पड़े ट्रांसफार्मर को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया है। ग्रामीणों ने बताया की अग्रवाल टोला में लगा ट्रांसफार्मर जल गया है। जिसे गांव के ग्रामीण 15 दिनों से अंधेरे में है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विद्युत विभाग को दिया है।ग्रामीणों ने बताया की बरसात का समय है। बिजली के बिना काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग व जिला प्रशासन से दुवारी गांव के अग्रवाल टोला में बिजली बहाल करने की गुहार लगाई है।इधर विद्युत विभाग के कर्मियों ने बताया की दुवारी के अग्रवाल टोला में जल्द ही ट्रांसफार्मर लगा कर बिजली बहाल की जाएगी। विरोधजटाने में महेश लाल अग्रवाल, प्रकाश लाल अग्रवाल, रवि कुमार, गणेश अग्रवाल, अकरम अंसारी, आजाद अंसारी, द्वारिका राम, दिनेश भुइंया निर्मल भुइंया, बोना भुइंया समेत अन्य शामिल थे।

# मंत्री सत्यानन्द भोगता मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शिविर में हुए शामिल



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता चार दिवसीय दौरे आज चतरा पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री भोगता ने सदर प्रखंड के टीकर पंचायत सचिवालय में आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के शिविर में शामिल हुए।मंत्री श्री भोगता ने उपस्थित अधिकारियों को 21-49 वर्ष की माताओं बहनों का फॉर्म को जमा करने समेत कई अहम दिशा निर्देश दिए। साथ ही कहा कि हमारी सरकार सभी वर्गो का सामान रूप से ख्याल रखती है। यह बेहद संवेदनशील सरकार है। इस योजना के माध्यम से माताओं बहनों को सम्मान देना है। उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उक्त कार्यक्रम के मौके पर राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# खबर की दिखा असर, सांसद कालीचरण सिंह ने बिजली को लेकर उठाया संसद में मामला



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लावालौंग प्रखंड के कई पंचायतों में बिजली और सड़क को लेकर ग्रामीणों ने एक जुट होकर एक स्वर में जम कर विरोध जताया था। ग्रामीणों के विरोध को लेकर पत्रकारों ने प्रमुखता से खबर को दिखाया था। खबर के आलोक में चतरा सांसद काली चरण सिंह ने संसद के सत्र में बिजली को लेकर पुरजोर आवाज उठाया है और अविलंब बिजली मुहैया कराने का मांग रखा है। सांसद कालीचरण सिंह ने कहा है की हैरत की बात है की आजादी के 77 वें वर्ष बीत जाने के बाद भी कुछ ऐसे जगहों में बिजली और सड़क नहीं होना बड़ा दुर्भाग्य है। अब वैसे गांवों को सड़क बिजली से वंचित रखा नहीं जा सकता। वैसे में अब लावालौंग के ग्रामीणों को आस जगी है। अब लावालौंग को बिजली अविलंब मिलेगी। बिजली मिलने की जानकारी प्राप्त होते हीं लावालौंग ग्रामीणों के चेहरे में मुस्कान लौट गई है और लोग प्रफुलित है।

# शहीदों को शहीद का दर्जा दिलाने एवं खिलाड़ियों को एक प्लेटफार्म देने के उद्देश्य से कराते है टूर्नामेंट : आयोजन समिति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड्डा :** ऐतिहासिक स्वर्गीय उमाकांत पाठक (लालू खेल मैदान) पत्थलगड़ा में 15 अगस्त से शहीद जय मंगल पाण्डेय शहीद नादिर अली मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के भव्य आयोजन को लेकर आयोजन समिति लगातार दिग्गज हस्तियों से मुलाकात कर आने का दे रही है निमंत्रण। मंगलवार को आयोजन समिति के अध्यक्ष मौलाना महफूज रहमान, उपाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, सचिव तिलेश्वर राणा, उपसचिव अमित कुमार उर्फ हनी हंक ने पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सुनील भास्कर से की मुलाकात। टूर्नामेंट में आने का दिया आमंत्रण पत्र। आयोजन समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष मौलाना महफूज रहमान ने बताया कि खिलाड़ियों को एक मंच व प्लेट फार्म देने के उद्देश्य से टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट में चतरा, हजारीबाग, कोडरमा जिला के अलावे कई विभिन्न जिलों की टीम भाग ले रही है। उपाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि 1857 की क्रांति में शहीद जयमंगल पाण्डेय और शहीद नादिर अली दोनों नायक का अतुलनीय योगदान रहा है। लेकिन आज तक इन्हें शहीद का दर्जा नहीं मिला है। जबकि चतरा और हजारीबाग जिले में दोनों क्रांतिकारी नायक की याद में कई कार्यक्रम किए जाने के बावजूद सरकार अब तक शाहिद का दर्जा नहीं दी। शहीद जय मंगल पाण्डेय शहीद नादिर अली मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का लगातार आयोजन कर याद दिला रही है।

# तस्करी के लिए ले जा रहे पशुओं से भरी गाड़ी को ग्रामीणों ने पकड़ा, किया पुलिस के हवाले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के सराढू गांव में गुरुवार की सुबह तस्करी के लिए पशुओं को भरकर ले जा रहे दो पिकअप वाहन को ग्रामीणों ने पकड़ कर टंडवा थाना को सुपुर्द कर किया है। इस संबंध में सराढू गांव के निवासी सह आरएसएस कार्यकर्ता इंद्रजीत कुमार ने टंडवा थाना में लिखित आवेदन देते हुए कहा है कि, दो पिकअप वाहन तिरपाल ढककर आ रहा था, तो मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संदेह हुआ। संदेह होने पर ग्रामीणों ने दोनों पिकअप वाहन को रोक कर चेक करने लगे, तो देखा की गाड़ी नंबर बी आर 03 जीबी 4244 पर छः गाय, तीन बछिया एवं दो बछड़ा लदा है। तथा पिकअप वाहन नंबर बीआर 03 जीबी 2438 पर चार गाय, तीन बछड़ा, एवं दो बांछी लदा हुआ था तथा सभी पशुओं का मुंह एवं पैर बंधा हुआ था। उक्त दोनों वाहन चालक विकास कुमार पिता नंद सिंह थाना जगदीशपुर जिला भोजपुर एवं सोनू कुमार पिता सुरेंद्र सिंह थाना जगदीशपुर जिला भोजपुर बिहार ने बताया कि हम लोग गाड़ी मालिक के कहने पर चौसा बक्सर बिहार से सभी पशुओं को लोड कर कोलकाता ले जा रहे थे। साथ ही व्यापारी के नाम पूछने पर बताया कि गाड़ी मालिक नरेश यादव पिता बुधन यादव, थाना तीयर जिला भोजपुर बिहार एवं गाड़ी मालिक सिकंदर यादव थाना जगदीशपुर जिला भोजपुर बिहार के दोनों गाड़ी मालिक ही व्यापारी से बात कर पशुओं को लोड करवाया था। इस मामले को लेकर पशु तस्करी से संबंधित सुसंगत धाराओं के अंतर्गत केस नंबर 228/ 24 के तहत टंडवा थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। एवं वाहन सहित चालक एवं पशुओं को टंडवा पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# कपिल को दूसरी बार बनाया गया मंडल अध्यक्ष

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के भाजपा पार्टी के दूसरी बार मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार को मनोनयन किया गया।जिसे लेकर सांसद प्रतिनिधि सह प्रखंड़ महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा समेत पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष है। वहीं पार्टी कार्यकर्ताओं ने बताया कि कपिल कुमार गिद्धौर मंडल अध्यक्ष का दायित्व पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन की है। जिसे लेकर पुनः दूसरी बार गिद्धौर मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार के नेतृत्व में प्रखंड़ में भाजपा पार्टी का संगठन काफी मजबूत हुई है। निष्पक्ष तरीके से अपनी दयित्वो का निर्वहन किया है। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई भी दिया है। बधाई देने वालों में मनोज कुमार कुशवाहा, विकास कुमार, अमीरका दांगी, अशोक गुप्ता, टीकम यादव, महादेव दांगी, संतोष दांगी समेत कई सामिल है।

# शिक्षक की लापरवाही के कारण बच्चो की संख्या में कमी आई : ग्रामीण महिलाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय केवरकी में नामांकित छात्रों की कुल संख्या मात्र सात है। इस स्कूल के एकमात्र सरकारी शिक्षक मनसाय टोप्पो है। सरकारी स्कूल गांव के घनी आबादी के बीच मौजूद है। फिर भी बच्चे स्कूल नही आते है, इस गांव के ग्रामीणों का आरोप है, कि शिक्षक की लापरवाही के कारण बच्चे स्कूल नहीं आते है। शिक्षक ज्यादातर गायब होते है। गुरुवार को भी राजकीय प्राथमिक विद्यालय केवरकी का ताला खुला हुआ था। लेकिन कोई बच्चे स्कूल में नही थे। कीचन भी खुला हुआ था। लेकिन भोजन माध्यम भोजन बंद था। शिक्षक गायब थे।, वही स्कूल के बाहर कुछ गांव की महिलाए खड़ी थी। इस संबंध में महिलाओं ने बताया कि शिक्षक की लापरवाही से एक भी बच्चे स्कूल नहीं आता है। मनमानी ढंग से शिक्षक स्कूल को चलाते है। ग्रामीण प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से अच्छे शिक्षक का मांग किये है। ताकि बच्चों का भविष्य मे सुधार आये।माध्यम भोजन भी सही से नहीं बनाता है। स्कूल की समस्या को लेकर कई बार विद्यालय समिति द्वारा भी पंचायत के मुखिया को शिकायत कर सुधार कराने की मांग की गई है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि अक्सर शिक्षक नशे की हालत में विद्यालय आता है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे ने कहा कि मामले कि जानकारी प्राप्त हुई है। जांच कि जा रही है, शिक्षक को कारण बताओ नोटिस दिया जायेगा। दोषी पाये जाने पर कार्यवाई कि जायेगी।

# 15 अगस्त को झंडोतोलन को लेकर प्रखण्ड सभागार में एसडीओ के अध्यक्षता में बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार कक्ष में 15 अगस्त को झंडोतोलन को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने किया। पूर्व से निर्धारित समय अनुशार बैठक में प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद हुए। जहां 15 अगस्त के अवसर पर झंडोतोलन को लेकर विस्तृत चर्चाएं की गई। बैठक में पूर्व से चली आ रही झंडोतोलन के समय सारणी में संशोधन की करते हुए सर्व प्रथम नेता जी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर सुबह समय 8:30 बजे मालार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात शहीद स्मारक पर 8:45 बजे, पुष्प अर्पित किया जाएगा। इसके बाद अनुमण्डल कार्यालय के प्रांगण में 9:05 बजे झंडोतोलन किया जाएगा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय के प्रांगण में 9:15 बजे, प्रखण्ड कार्यालय में 9:25 बजे, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 9:35 बजे, थाना परिसर में 9:45 बजे, रेफरल अस्पताल प्रांगण में 9:55 बजे झंडोतोलन किया जाएगा। जबकि सभी पंचायतों के पंचायत भवन और सरकारी से लेकर गैर सरकारी शिक्षण संस्थान में भी अपने अपने समय के अनुशार झंडोतोलन किया जाएगा।

# उद्योग विभाग, श्रम नियोजन एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे पत्थलगड़ा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** उद्योग विभाग एवं श्रम नियोजन व कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे पत्थलगड़ा। प्रखंड कार्यालय में आयोजित परिसंपत्ति एवं साइकिल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल। इस मौके पर पत्थलगड़ा प्रखंड प्रभार बीडीओ राहुल देव ने पुष्पगुच्छा देकर स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार गरीबों के लिए संवेदनशील है। गरीबों के लिए सैकड़ो जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को जनकल्याणकारी योजना का लाभ पहुंचाना सरकार के पहला प्राथमिकता है। झारखंड मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से माता-बहनों को सम्मान दे रही है। सरकार हर एक क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। युवाओं को सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में बड़े पैमाने पर रोजगार से जोड़ रही है। योग्य लाभुकों के बीच आबुवा आवास, सर्वजन पेंशन योजना, श्रम विभाग निबंध कार्ड, जॉब कार्ड, छात्रवृत्ति योजना के अलावे कई प्रकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का स्वीकृति पत्र और लाखों रुपया की परिसंपत्तियों का वितरण किया।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर विशेष शिविर का किया जाएगा आयोजन

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड के सभी पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कुल 185 बूथ सेंटर में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर दिनांक दस अगस्त को विशेष शिविर का आयोजन किया जाना है। इस अभियान में एम डी ए/आई पी ए कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया उन्मूलन हेतु दवा खिलाया जाना है। तथा 11 अगस्त से लेकर 25 अगस्त तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों के द्वारा लोगों के घर-घर जाकर दवा खिलाया जाएगा। इस अवसर पर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी सुदीप कुमार ने सभी आम लोगों से अनुरोध किया है कि, सभी व्यक्ति फाइलेरिया का दवा लेकर इसका सेवन अवश्य करें, ताकि इस अभियान को सफल बनाते हुए अपने जीवन को स्वस्थ रखा जा सके।

# आजसू जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलनकारी अमर शहीद निर्मल महतो जी के शहादत दिवस के अवसर पर गुरुवार को आजसू जिला कार्यालय लातेहार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने झारखंड आंदोलनकारी निर्मल महतो जी के माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस कार्यक्रम से मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय उपाध्यक्ष बिट्टू दास, श्रवण पासवान छात्रसंघ के अध्यक्ष अभिजीत कुमार सोनू प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव विकास कुमार रवि वर्मा राजेश ठाकुर नब्बु भुइंया नंदकिशोर यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# संत जेवियर्स महाविधालय में धूमधाम से मनाया गया प्राचार्य दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** संत जेवियर महाविद्यालय के सभागार में इस कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य फादर एम. के. जोश के दीप प्रज्जवलन के साथ प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात् प्राचार्य ने केक काटकर प्राचार्य दिवस के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। विद्यार्थियों ने प्रार्थना नृत्य के माध्यम से परमात्मा, ईश्वर येशु से फादर प्राचार्य हेतु लंबी उम्र की कामना की गई। तत्पश्चात इस दिन को और यादगार बनाने हेतु सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रार्थना नृत्य, एकल नृत्य, बॉलीवुड नृत्य, वेस्टर्न नृत्य, नागपुरी वा सादरी नृत्य इत्यादि रंगारंग कार्यक्रम को प्रस्तुत किया गया। साथ ही कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स गण एवम गैर शिक्षेतर कर्मचारियों के द्वारा सुमधुर स्वरों में प्राचार्य के लिए मंगलकामना गीत प्रस्तुत किया गया। डॉ. फादर एम. के. जोश अपने संदेश में कहा कि हम सकारात्मक भावना को बढ़ावा देते हैं और छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों के बीच सहयोग में विश्वास करते हैं, जो उत्कृष्टता को बनाए रखने वाले वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करते है उन्होंने महाविद्यालय के सभी लोगों को प्राचार्य दिवस कार्यक्रम कि शुभकामना संदेश देते हुवे कहा कि प्राचार्य दिवस समारोह प्राचार्य के व्यक्तित्व व उपलब्धियों की प्रशंसा की अवसर है। इस कार्यक्रम के मंच संचालिका दीप्ति नगेशिया और मंच संचालक सुमित लकड़ा थे। कार्यक्रम के अंत में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. स्मिता तिग्गा के द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों, प्रोफेसर्स गण तथा अन्य कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत सात लाभुकों के बीच किया परिसंपत्ति का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करने हेतु 8 अगस्त 2024 को समाहरणालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड सरकार, बैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा सात लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुदान आधारित कुल- सात वाहन को राशि 9806650/- (अनठानवे लाख छः हजार छः सौ पचास रूपये) का वितरण किया गया। मंत्री बैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुक प्रिंस कुमार को 1149744/ रुपए का बोलेरो वाहन, चन्दन कुमार को 1216531/- रुपए का बोलेरो वाहन, सकेन्द्र अगेरिया को 1184580/- रुपए का बोलेरो वाहन, नितिश कुमार को 1151565/- रुपए का बोलेरो वाहन, संजय यादव को 1971640/- रुपए का स्कॉपियो वाहन, अजित कुमार यादव को 1971640/-रुपए का स्कॉपियो वाहन, महेश सिंह को 1160950/ रुपए का बोलेरो वाहन प्रदान की गई। इस दौरान मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड सरकार, बैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, उपायुक्त गरिमा सिंह, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया गया।मौके पर आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार , मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर प्रसाद व अन्य उपस्थित थे।

# हरियाली धरती माता का श्रृंगार एवं सुख समृद्धि का प्रतीक



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के शिशु वाटिका खंड में गुरुवार को नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा सावन माह के अवसर पर हरित दिवस (ग्रीन डे) काफी उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के छोटे-छोटे भैया बहनों ने हरे रंग के विभिन्न पेड़ पौधे, फल, सब्जियां आदि के परिधानों में सजकर धरती को हरा-भरा करने तथा खुशहाली लाने का संदेश दिया। मुख्य रूप से उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों पर अपने पर्यावरण के प्रति व्यापक प्रभाव पड़ेगा आगे उन्होंने कहा कि बीते कुछ दशक से पेड़ पौधों की बड़े पैमाने पर कटाई की जा रही है जिससे हमारे वातावरण पर इसका बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है इसीलिए यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हम अपने वातावरण को हरा-भरा बनाकर रखें क्योंकि हरियाली धरती माता का श्रृंगार एवं सुख समृद्धि का प्रतीक है। यह सबके मन को लुभाती है इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में हरा-भरा पेड़ पौधे,स्वच्छ वातावरण और प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन की जानकारी देना है। शिशु वाटिका प्रमुख गीता कुमारी ने कहा कि बच्चे बड़े उत्साह से इस कार्यक्रम में रुचि दिखाते हुए हरे पेड़ पौधे की जानकारी प्राप्त की। इसमें उनके अभिभावकों का भी प्रमुख योगदान रहा।

# मृतक जितेंद्र कुमार की पत्नी ने मालिक, मैनेजर व कर्मी पर कराया मामला दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** जियाड़ा में संचालित पवन पुत्र स्टील प्लांट के फर्नेस भट्ठी में हुवे ब्लास्ट में उत्तर प्रदेश के बलिया रसरा, गढ़िया गांव निवासी जितेंद्र कुमार की मौत हो गई थी। इस बाबत उसकी पत्नी ने बरही थाना में आवेदन दिया। आवेदन में उन्होंने फैक्ट्री के मालिक, मैनेजर व कर्मी पर मामला दर्ज करवाया। इस बाबत पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया की जितेंद्र कुमार मृतक की पत्नी के आवेदन के आधार पर बरही थाना में कांड संख्या 337/24 दर्ज कर लिया गया है। मामला फैक्ट्री के मालिक,



मैनेजर और कर्मी पर दर्ज की गई है। वहीं उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है, दोषियों पर कड़ी करवाई की जाएंगी। इधर गुरुवार को पवन पुत्र फैक्ट्री में एसडीओ जोहन टुडू, डीएसपी सुरजीत कुमार, सीओ रामनारायण खालको, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार गहन छानबीन करते नजर आए।

## केंद्रीय कृषि मंत्री से मिले हजारीबाग सांसद, कृषि विज्ञान केन्द्र हजारीबाग को कार्यात्मक करने की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गुरुवार को उनके दिल्ली स्थित कार्यलय सभागार में मुलाकात कर हजारीबाग कृषि विज्ञान केन्द्र व उनके कर्मचारियों की समस्या से उन्हें अवगत कराया । सांसद मनीष जायसवाल ने बताया की हजारीबाग का कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) वर्ष 1985 से 2021-22 तक होली क्रॉस संस्थान के अंतर्गत कार्यरत था। होली क्रॉस संस्थान में कुछ अनियमितताओं के संज्ञान में आने के उपरांत केवीके परियोजना को पूर्णरूपेण बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची, झारखंड को स्थान्तरित कर दिया गया है एवं कृषि विश्वविद्यालय के हजारीबाग (गौरियाकरमा) स्थित अनुसंधान प्रक्षेत्र में स्थान्तरित किया गया है।



सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बताया की केवीके में कार्य कर रहे कर्मचारियों के पुनः बहाल नहीं होने के कारण कृषि विज्ञान केन्द्र कार्यात्मक नहीं हो पा रहा है जिससे क्षेत्र के लाखों किसान केंद्र की योजनाओं एवं नई तकनीक से वंचित हो रहे हैं। केवीके को 2 वर्षो से भी अधिक समय से कार्यात्मक नहीं होने के कारण केंद्र के सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवार अपनी आजीविका चलाने में असमर्थ है। सांसद मनीष जायसवाल ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से निवेदन किया कि क्षेत्र के लाखों किसान, ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं के हित को ध्यान में रखते हुए केंद के कर्मचारियों को पुनः पद पर बहाल करते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र हजारीबाग को कार्यात्मक करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की ।

## अंबा प्रसाद ने महिलाओं संग की धान की रोपाई

### कहा : किसानों के बीच रहने का सुख कहीं और नहीं





प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के कांडतरी पंचायत के ग्राम महुदी में धान रोपाई की। ट्रांसफार्मर उद्घाटन करने के बाद विधायक अंबा प्रसाद ग्राम महूदी पहुंची थी। वहां से लौटते समय उनकी नजर अचानक खेतों में धान की रोपाई करती महिलाओं पर पड़ी। इसके बाद विधायक ने माथे पर टोकरी लेकर किसान व महिलाओं साथ धान के पौधों की रोपाई की। बता दें कि विधायक अक्सर ही किसी न किसी चीजों को लेकर सुर्खियों में रही है। विधायक ने बताया कि किसान और उनके लहलहाते खेत, कृषि कार्य को करते हुए किसानों के बीच रहने का जो आत्मीय सुख है,वो शायद कहीं और नहीं है। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, पंचायत अध्यक्ष मनोज ठाकुर, युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार, दशरथ महतो, बिंदु दांगी, दामोदर मेहता, सुरेश महतो, प्रेमचंद महतो, सहेस महतो, दशरथ महतो, दिनेश्वर पासवान, निरंजन कुमार समेत कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## रमेश ठाकुर, सुनील साहू बने जिला उपाध्यक्ष, भगवान केसरी पश्चिमी व विजय यादव पूर्वी मंडल अध्यक्ष









प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह के द्वारा जिला में भाजपा कमिटी का गठन किया गया। जिसमें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर पर भरोसा जताते हुए पुनः उन्हें जिला उपाध्यक्ष का भार सौंपा गया। वहीं भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता व पूर्व जिला महामंत्री सुनील साहू को भी भाजपा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं बरही के पूर्वी और पश्चिमी मंडल में नये चेहरे पर पार्टी ने विश्वास जताते हुए मौका दिया है। जिनमें बरही मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव को भाजपा के बरही पूर्वी से मंडल अध्यक्ष व बरही पश्चिमी से भगवान केशरी को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर रमेश ठाकुर ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष दोबारा बनाए जाने पर पार्टी का आभार व्यक्त किया है। वहीं जिला उपाध्यक्ष सुनील साहू, बरही पूर्वी और पश्चिमी मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने हमें जो जिम्मेवारी दी है, उस पर खरा उतरने का काम करूंगा। वही कहा कि इस बार बरही विधानसभा में भाजपा का परचम लहरेगा इस पर हमलोग काम करेंगे। इधर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव समेत भाजपाइयों ने उक्त सभी को शुभकामना दिया।

## कटकमसांडी प्रखंड में मईयां सम्मान योजना के शिविर का कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** कटकमसांडी प्रखंड में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने शहापुर पंचायत, ढौठवा पंचायत, आराभुसाई पंचायत और रेबर पंचायत , बाझा पंचायत, डांटो खुर्द पंचायत, कटकमसाड़ी पंचायत,में आयोजित मंईया योजना के शिविरों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से मुलाकात की और शिविर में हो रही गतिविधियों की समीक्षा की। मुन्ना सिंह ने विधि व्यवस्था का जायजा लेते हुए लोगों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। महिलाओं ने मंईया योजना की सराहना करते हुए इसे उनके लिए एक महत्वपूर्ण योजना बताया और अपनी खुशी ज़ाहिर की। उन्होंने मुन्ना सिंह के समर्थन और प्रेरणा के लिए आभार व्यक्त किया।



दौरे के बाद मुन्ना सिंह ने कटकमसांडी पंचायत के निवासी स्वर्गीय इशाक मियां के सुपुत्र मो. रियाज़ जी के परिवार से भी मुलाकात की, जिनका कुछ दिन पूर्व बज्रपात के कारण निधन हो गया था। उन्होंने परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया और सरकार द्वारा यथासंभव सहयोग दिलाने का वादा किया।इस अवसर पर शाहापुर पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव, ढौठवा पंचायत के मुखिया जय प्रकाश केशरी, आराभुसाई के पूर्व मुखिया रहमत मियां , रेबर पंचायत की मुखिया कलावती देवी और मुखिया प्रतिनिधि हलधर यादव डांटो खुर्द पंचायत की मुखिया कुमारी बाखला, बाझा पंचायत की मुखिया धनेश्वरी देवी , संजय सिंह, शेरू खान अनुज सिंह, रहमत अली इनके साथ ही शाहपुर पंचायत के पप्पू यादव, राजू यादव, शंकर यादव, अरविंद यादव, रिंकू खान, सनाउल्लाह खान, रंजीत यादव ,सरजु यादव , विक्की कुमार धान, सुजीत सिंह, दिनेश यादव आदि मौजूद रहे।

## +2 हाई स्कूल चरही प्रांगण मे पौधारोपण किया गया



**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को +2 हाई स्कूल चरही प्रांगण मे वन अधिकार समिति चरही के द्वारा सीसील के सौजन्य से पौधा रोपण कार्यक्रम शुरुवात किया गया। जिसमे सीसील के पर्यावरण विभाग के फैज़ल अहमद व प्रधानाध्यापक पारस नाथ महतो व वन अधिकार समिति के अध्यक्ष दिनेश्वर रविदास व सचिव लाल सिंह के सामूहिक रूप पौधा रोपण किया गया। वही दिनेश्वर रविदास ने बताया +2 हाई स्कूल से अभी पौधा रोपण का शुरुवात किया गया है उसके बाद दुर्गा मंडप प्रांगण, मंडा तांड, बिरसा ग्राउंड, शिव मंदिर तालाब के साथ बचे सार्वजनिक स्थानों पर भी 500 पौधा का पौधा रोपण किया जायेगा। मुख्य रूप से वन समिति के सदस्य , स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं बी आर सी के भी लोग मौजूद थे।

## बुढ़वा महादेव में विधायक अंबा प्रसाद ने बिजली ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**बड़कागांव :** महूदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में 25 केवीए नए बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद के हाथों फीता काटकर किया गया। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि ट्रांसफार्मर लगने से बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर तथा रानी तालाब के इर्द-गिर्द मेलाटांड़ अब बिजली से जगमग होगी। महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव को पर्यटन स्थल घोषित होने पर विकास की कई संभावनाएं हैं। यहां कई प्रकार की विकास की जाएगी जिससे बेरोजगारों को भी रोजगार से जोड़ा जाएगा। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से जिप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख बचन देव कुमार, विद्युत अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार उपाध्याय, कार्यपालक अभियंता अंगेश कुमार, सहायक अभियंता अरविंद कुमार, कनिय अभियंता प्रभास कुमार, कांग्रेस नेता विशेश्वर नाथ चौबे, समाजसेवी बिंदेश्वर दांगी उर्फ बिंदु, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार मेहता, कांग्रेस किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दशरथ महतो, निरंजन कुमार, दामोदर प्रसाद, सुरेश महतो, मनोज ठाकुर, बिजली मिस्त्री रोहित सोनी, नरसिंह सोनी, अजय कुमार, सूरज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अशोक कुशवाहा बने भाजपा मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ताओ ने दी बधाई



**दारु :** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने प्रखंड कार्यसमिति कि घोषणा कर दिया। दारु मंडल से अशोक कुशवाहा को भाजपा का नया मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया है।अशोक को नये मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हे बधाई दिया है।प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने कहा कि अशोक राजनीति के मंझे हुए खिलाडी है और उनके आने से प्रखंड मे भाजपा मजबूत होगी और आगामी विधानसभा मे दारु प्रखंड से भाजपा को बम्पर बढ़त मिलेगी। अध्यक्ष को बधाई देने वालो मे देवदत प्रसाद ,संजय कुशवाहा, संदीप कुशवाहा,सोनी कुशवाहा,सुरेश प्रसाद,बलदेव बाबू ,भैया सुमित कुमार, सुमन सिन्हा सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल है।

## विनोद फाउंडेशन ने गरीब जरूरतमंदो के बीच किया छाता वितरण



**बरही :** बरही विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के द्वारा वाहन कारीगरों एवं अत्यंत गरीब असहाय विकलांग परिवारों के बीच गुरुवार को छाता वितरण किया। इसके पूर्व भी अभियान के तहत दो दिन पहले बरही के केवाल बिरहोर टोला व चौपारण के पांडेवारा आदि गांव में भी जरूरतमंद लोगों के बीच छाता वितरण किया गया। जिसकी लोग सराहना कर रहे हैं। अभियान के तह गुरुवार को सर्वप्रथम बरही के कोनरा पंचायत अंतर्गत साकरी मोहल्ला बड़ा इमामबाड़ा के परिसर में अत्यंत गरीब असहाय विकलांग महिला - पुरुषों के बीच छाता का वितरण किया गया। उसके बाद फाउंडेशन के सदस्यों ने गया रोड बरही स्थित खान गैरेज के समीप वाहन बनाने वाले कारीगरों के बीच छाता का वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव व पूरे अभियान का विधि व्यवस्था का कमान फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य शरीफुल हक ने संभाला। मौके पर फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव ने कहा कि सेवा से शत्रु भी मित्र हो जाता है, इसे करने के लिए इंसान को प्रेम और करुणा की जरूरत होती है, धन की नहीं। वहीं शरीफुल हक ने कहा की मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। छाता वितरण अभियान में मुख्य रूप से फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव, कुणाल कतरियार, शरीफुल हक सहित मदीना मस्जिद के अध्यक्ष मो. मुस्ताक, मो. करीम आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना में अब ऑफलाइन भी जमा होगा फार्म



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया :** झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही मईया सम्मान योजना में ऑनलाइन सर्वर डाउन रहने और धीमी गति से ऑनलाइन की प्रक्रिया होने के कारण महिलाओं की परेशानी बढ़ गई है। इसे देखते हुए सरकार ने ऑफलाइन फार्म भरने की निर्णय लिया है अब ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन फार्म भी भरकर पंचायत सचिव के पास जमा करना होगा जिसका राशन में नाम नही है यदि पति का नाम राशन कार्ड में है वे भी योजना का लाभ ले सकती है ।20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी ने कहा कि महिलाओं को सम्मान के लिए झारखंड सरकार द्वारा चलाई गई योजना मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में 21 वर्ष से 49 वर्ष तक की महिलाओं को 1000 रुपया प्रति माह देगी योजना का लाभ लेने मे महिलाओं की परेशानी को देखते हुए अब ऑफलाइन भी फार्म जमा लिया जाएगा। सरकार का दिशा निर्देश आया की जिनका राशन कार्ड में नाम नही है और यदि पति का नाम है तो वैसे महिलाएं भी फार्म भर सकती है । प्रखंड क्षेत्र की महिलाए इसका लाभ लेने के लिए सुबह से ही फार्म लेकर पंचायत भवन में लाइन लगाकर खड़ी रहती है फिलहाल अभी धान रोपने छोड़कर मईया सम्मान योजना की लाभ लेने में लगी हुई है।

## एनटीपीसी के सौजन्य से निर्मित पुलिस निरीक्षक कार्यालय का पुलिस अधीक्षक और एनटीपीसी महाप्रबंधक ने किया उद्घाटन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** एनटीपीसी एनएमएल पकरी बरवाडीह के सौजन्य से बड़कागांव थाना परिसर में निर्मित पुलिस निरीक्षक कार्यालय का उद्घाटन हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, एसडीपीओ कुलदीप कुमार एवं एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक फैज तैय्यब द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस निरीक्षक कार्यालय जर्जर भवन में चल रहा था, पुराने भवन में कभी भी दुर्घटना हो सकती थी लेकिन अब नए भवन के बन जाने से यह समस्या दूर हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि एनटीपीसी सामुदायिक विकास के तहत क्षेत्र के अलावा जिला मुख्यालय में भी कई प्रकार के विकास योजना संचालित जनहित में किया जा रहा है। महाप्रबंधक श्री फैज़ तैयब ने कहा कि सीएसआर के तहत परियोजना प्रभावित क्षेत्र एवं आसपास के कई गाँवों में कई योजनाएं एनटीपीसी द्वारा संचालित हो रही है और आगे भी होती रहेगी। इस अवसर पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, उपप्रमुख बच्चन देव कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल, केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार, ऊरीमारी थाना प्रभारी रामकुमार प्रसाद, गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, एनटीपीसी के एजीएम अमित अस्थाना, राहुल सिंह, कपिल देव सिंह, पीआरओ दिलीप ठाकुर, कांग्रेस विधानसभा युवा मोर्चा अध्यक्ष तारिक अनवर उर्फ बाबर खान, मुखिया बासुदेव यादव, पूर्व मुखिया भीखन महतो, मनोज गुप्ता, त्रिवेणी महतो, विवेक सोनी सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, एनटीपीसी के अधिकारी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा के बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष बने खेमलाल महतो एवं पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी





प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने जिला कार्य समिति के साथ-साथ मंडल अध्यक्षों की घोषणा की जिनमें बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के पुनः अध्यक्ष खेमलाल महतो बनाए गए एवं बड़कागांव पश्चिम मंडल अध्यक्ष पुनः आदित्य साहू सोनी को बनाया गया। साथ ही साथ बड़कागांव प्रखंड से जिला कार्य समिति में जिला मंत्री जयनारायण प्रसाद एवं जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह को मनोनीत किया गया। सभी ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, कर्मवीर सिंह एवं प्रदेश के पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया। वहीं बड़कागांव प्रखंड के भाजपाइयों ने हर्ष व्यक्ति किया एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, डा. बालेश्वर महतो, बालेश्वर कुमार, पुर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, अनिल मिश्रा, कृष्णा राम, त्रिवेणी महतो, शिवलाल महतो, दिनेश करमाली, अकल मुंडा, बढन तुरी, विनय कुमार, मूलचंद साहू, श्रीकांत निराला, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, दिनेश कुमार, किशोर राणा, सुमन गिरी, त्रिवेणी महतो, राजेश गुप्ता, राजू साव, बैजनाथ तिवारी, नंदकिशोर मेहता, पारसनाथ प्रसाद, रंजीत मेहता, बेचन साव, अशोक साव, भगीरथ ठाकुर, रवि कुमार दांगी, नितेश कुमार, सेवंती कुमारी, देवंती देवी, लालदेव महतो, कृष्ण गुप्ता, नरेश साव, भीखन महतो, शिवशंकर उर्फ शिबू मेहता, उदय मेहता सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने शाहिद निर्मल महतो की पुण्यतिथि मनाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** आजसू पार्टी के प्रखंड आवासीय कार्यालय में झारखंड के वीर शाहिद और आजसू पार्टी के संस्थापक स्व.निर्मल महतो की पुण्यतिथि बड़कागांव आजसू पार्टी के प्रखण्ड कमिटी द्वारा मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा एवं संचालन प्रखंड सचिव मनोज दांगी ने किया। इस दौरान केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो जी ने झारखंड राज्य की बेहतरी एवं यहां की जनता के हक अधिकार के लिए निर्णायक योगदान दिया शहीद निर्मल महतो के आंदोलन की बदौलत झारखंड अलग राज्य की गठन हुआ। मौके पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई, और गगन भेदी नारों के साथ उनके सपनों के झारखण्ड बनाने का संकल्प लिया। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, संदीप कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, जिला सचिव महेंद्र विश्वकर्मा, शंकर मिश्रा, घनश्याम मेहता, देवलाल महतो, तपेश्वर कुमार तापस, रंजीत महतो, संजय राणा, योगेंद्र महतो, रामचंद्र शाह, राजेश्वर महतो, संजय शाहा, हीरा वर्मा, मोहम्मद नसीम, सनी कुमार, विकास साव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भामाशाह शिशु विद्या मंदिर में चला फलेरिया उन्मूलन अभियान

▶ **फलेरिया बीमारी का कारण की जानकारी होना आवश्यक है : रजनीश**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** गुरुवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के प्रांगण में फलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया गया। मौके पर बरही अनुमंडलीय हॉस्पिटल से फलेरियां सुपरवाइजर इरशाद आलम ने फलेरिया से बचाव की जानकारियां साझा की। उन्होंने बच्चों से कहा कि फलेरिया एक लाइलाज बीमारी है। लेकिन बचाव हेतु कारण जानना और हमें इसके प्रति जागरूक रहने की भी आवश्यकता है। साल में एक बार इसका खुराक अवश्य लेना चाहिए, इसका साइड इफेक्ट भी नहीं है। कार्यक्रम के दौरान भैया बहनों को दवा भी उपलब्ध करवाया। भामशाहा शिशु विद्या मन्दिर के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि समय से जानकारी मिलने से भैया बहन सजग रहते हैं और बीमारी नहीं होने की आशंका रहती है। बीमारी का कारण की जानकारी आवश्यक है।

## पेटो पंचायत में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का विधायक अंबा प्रसाद ने की समीक्षा

### अधिक से अधिक महिलाएं योजना का लाभ ले : अंबा प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** झारखंड सरकार की अति महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के अंतर्गत केरेडारी प्रखंड के पंचायत सचिवालय पेटो में लगे शिविर पहुंचकर विधायक अंबा प्रसाद ने उपस्थित मां-बहनों से राज्य की अति महत्वपूर्ण योजना की समीक्षा करते हुए सभी योग्य महिलाओं को लाभ लेने की अपील की! इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि इस योजना का लाभ ऑनलाइन,ऑफलाइन दोनों माध्यमों से ली जा सकती है! वहीं जिन महिलाओं का राशन कार्ड में नाम नहीं है वे भी पिता या पति के राशन कार्ड में नाम होने पर योग्य माने जाएंगे! इस दौरान विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी लाभुक इस योजना से नहीं छूटे यह सुनिश्चित करें! विधायक ने इस दौरान उपस्थित कर्मीयों को सुचारू पूर्वक इस योजना की संचालन हेतु निर्देश दी! मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, मुखिया प्रतिनिधि गुरदयाल साव सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे!

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# शहीद निर्मल महतो के सपनों का झारखंड हमें बनाना है : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय लोहरदगा में शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया, सर्वप्रथम उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सभी लोगों ने शहीद निर्मल महतो को श्रद्धांजलि अर्पित क। उसके पश्चात सभा को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी श्रीमती नीरू शांति भगत ने कहा की शहीद निर्मल महतो ने झारखंड अलग करने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया था। लेकिन अभी भी उनके सपनों का झारखंड अधूरा है। हमें झारखंड का पूर्ण विकास करना है और उनके सपनों को पूरा करना हैं। केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव ने कहा कि शहीद निर्मल महतो ने आजसू की स्थापना 22 जून 1986 को की थ।, पूर्व केंद्रीय सचिव सह मुख्य जिला संयोजक कवलजीत सिंह ने कहा की आज हम लोग जो अलग राज्य में रह रहे हैं यह शहीद निर्मल महतो की देन है इनका जन्म 1950 ई में जमशेदपुर में हुआ था और 1987 ई. में यह शहीद हुए थे आज उनके दिखाएं रास्ते पर चलने की जरूरत है। सभा की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष ओम भारती ने कहा कि आज के युवाओं को शहीद निर्मल महतो से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है उन्होंने इस राज्य के लिए अपनी कुर्बानी दी थी। जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शाहिद अंसारी ने कहा कि शहीद निर्मल महतो हमारे प्रेरणा स्रोत है और हम इनके दिखाएं रास्ते पर ही चल रहे हैं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष विजय उरांव ने कहा कि जल जंगल जमीन के लिए निर्मल महतो ने अपनी शहादत दी थी हम उनको नमन करते हैं। आज की इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से बबलू महतो, नगर कार्यकारी अध्यक्ष गुडुस प्रसाद, सागर वर्मा, सत्येंद्र शर्मा, रामविलास उरांव, युवा मोर्चा के प्रदेश संयोजक लाल मनीष नाथ शाहदेव, युवा मोर्चा के जिला संयोजक पवन प्रजापति, कौशल सिंह, बुद्धिजीवी मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप साहू, प्रदेश सदस्य राजेश शर्मा, आदित्य संजय कुजूर, शमीम अंसारी, नगर कार्यकारी अध्यक्ष मीर आरिफ छोटू, दीगज सिंह, विजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष अवधेश पाठक, कैरों प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर उरांव, कामेश यादव, धर्मदेव लोहार, सौरव समीर, छात्र संघ के अध्यक्ष आयुष मेहता, आकाश मेहता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीईईओ के अध्यक्षता में मासिक गुरुगोष्ठी संपंन्न, विद्यालय प्रधान को 12 बिन्दुओं पर दिये गए आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 08 अगस्त गुरुवार को कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित डा0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय मे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरविंदा कुमारी की अध्यक्षता मे प्रखंड के सभी विद्यालय प्रधान की उपस्थिति मे मासिक गुरुगोष्ठी हूई संपन्न। उक्त गुरु गोष्ठी को संबोधित करते हुए बीईईओ ने कहा कि यूडायस प्लस में 2023-24 का स्टूडेंट को प्रोजेक्ट कर 2024-25 में लाना,2024-25 मे नया नामांकन के छात्र-छात्राओ की इंट्रि करना, प्राथमिक विद्यालय कक्षा 05 पास विद्यार्थियों को 08 वें वर्ग के अन्य विद्यालयों मे नामांकन हेतू सुचिवद्ध करना,सभी मध्य विद्यालय कक्षा 08 के एसटी, एससी, ओबीसी, माईनेटरी छात्रों को सुचि जांच कर साईकल वितरण कार्य सुनिश्चित करना। सभी विद्यालयों के सभी शिक्षकों का बायोमैट्रिक अटेन्डेन्स आवश्यक, इत्यादि एसे 12 विन्दुओं पर मासिक गुरुगोष्ठी मे विद्यालय प्रधान को आवश्यक निर्देश बीईईओ के द्वारा दी गई। उक्त मासिक गुरुगोष्ठी मे बीईईओ के निर्देश पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओम प्रकाश रंजन ने भी विद्यालय प्रधान को अन्यान्य विन्दुओं पर भी आवश्यक निर्देश दी गई। मौके पर गुरु गोष्ठी मे सभी विद्यालयों के प्रधान के अलावा सीआरपी बीआरपी भी उपस्थित थे।

## विश्व आदिवासी दिवस पर इंद्रजीत भारती सचिव अविराम ने कहा आदिवासी पहचाने अपनी ताकत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व आदिवासी दिवस पर अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा के बीएड और डी एल एड संकाय द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक नगाड़ा और मांदर द्वारा तदुपरांत दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा किया गया। कुंदन गिद्ध द्वार साथनीय भाषा के माध्यम से सभी का स्वागत किया गया संथाली नृत्य एंजिल और साथियों ने प्रस्तुत किया जिसमे झारखंड की संस्कृति की छटा दिखी। सचिव इंद्रजीत कुमार ने कहा आदिवासी अपनी ताकत को पहचाने, आधुनिकता के साथ अपनी भाषा, संस्कृति को संरक्षित करे नशा से दूर रहे। प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, लक्ष्मण, बिरेंद्र समेत रेणुका, कुंदन, ऋतु, ममता, आफताब, पंकज, शिव, शशि, चिनिबास, पवन आदि इस अवसर पर उपस्थित थे। सभी ने विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक शुभकामनाये दी। कार्यक्रम संचालन नेवी और सुषमा द्वारा स्थानीय भाषा में कर के इस दिवस को और भी प्रासंगिक बनाने का कार्य किया गया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें केंद्र सरकार, हिंदुओं का जीवन भयभीत एवं असुरक्षित : संजय सर्राफ



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद झारखंड सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे नरसंहार, मंदिरों, गुरुद्वारों एवं सभी धार्मिक स्थलों मे हो रही तोड़फोड़ हिंसा की घटना की तीव्र निंदा की है। तथा उन्होंने केंद्र सरकार से अतिशीघ्र बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हिंसा, हिंदू नरसंहार,विचित्र अनिश्चितता अराजकता के बीच अशांत बांग्लादेश में हिंदुओं का जीवन भयभीत एवं असुरक्षित है। जो कि सनातन हिंदू समाज के लिए बहुत ही चिंतनीय एवं सोचनीय विषय है। वहां पीड़ित अल्पसंख्यकों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। ऐसे में विश्व समुदाय की यह जिम्मेदारी है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एवं मानवाधिकारों की रक्षा के लिए तुरंत प्रभावी कार्रवाई करें। तथा केंद्र सरकार बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की कड़े पहल करें। पूरे बांग्लादेश में हिंदू नरसंहार तथा हिंदुओं के प्रतिष्ठानों, घरों, मंदिरों, गुरुद्वारों मे कट्टरपंथियों द्वारा तोड़फोड़, लूटपाट की जा रही है। तथा बांग्लादेश में शायद ही कोई ऐसा जिला बचा हो जो इनकी हिंसा एवं आतंक का निशाना न बना हो। बांग्लादेश में 32 प्रतिशत से अब 8 प्रतिशत बचे हिंदू लगातार जिहादी उत्पीड़न के शिकार हो रहे हैं।

# विद्यार्थियों के लिए उन्नति का पहिया है साइकिल : राधा तिर्की

## 231 विधार्थियो के बीच साइकिल वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय अरु में शिक्षा विभाग की ओर से छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, प्रमुख फुलझरी देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव तथा प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत द्वारा संयुक्त रूप से उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुर्की तोड़ार, मध्य विद्यालय भड़गांव तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय शाहबुटी के 231 छात्र छात्रओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। वही जीप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि विद्यार्थियों के लिये उन्नति का पहिया है साइकिल जिसे पढ़ाई के लिये सरकार दे रही है। जिसका उपयोग विद्यालय आने जाने में करें और समय से विद्यालय पहुंचे। वही बेटे बेटियों के प्रति सरकार की सोच है की दूरी का बहाना कर पढ़ाई से कोई भी बच्चे वंचित न रहें जिसके लिये सभी को साइकिल दिया जा रहा है। साथ ही कहा की बच्चे बच्चियों शिक्षा से जोड़ कर शिक्षित बनाने के लिये सरकार छात्रवृति, पुस्तक तथा मध्याहन भोजन दे रही है। जिसे पढ़ लिख कर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें और भविष्य को उज्ज्वल बना कर समाज को सुधाराने की दिशा में काम कर सकें। मौके पर विकेश कुमार सिन्हा, अम्बिका शरण पाण्डेय, राजेश उरांव, अमित नायक के अलावे छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

# संकुल स्तरीय प्रश्नमंच में सफल भैया बहन को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरवस्ती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा के संकुल स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सफल भैया बहन को प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू एवं आमंत्रित सदस्य सह राष्ट्रीय स्वयं संघ के प्रांत सह संचालक किनेश्वर महतो के द्वारा पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। वही किनेश्वर महतो ने सभी सफल प्रतिभागियों और छात्र छात्रओं को सफलता के लिये बधाई देते हुए सम्बोधित कर कहा की निरंतर अभ्यास से अच्छे परिणाम मिलते है। जीवन मे सफलता प्राप्त करने के लिये कठोर मेहनत की आवश्यकता है। साथ ही कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य है। व्यवहारिक जीवन में सफल होना वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने कहा प्रश्नमंच प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन से भैया बहनों को अपनी प्रतिभा को निखारने का बेहतर मंच है। तथा प्रबन्ध समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा सफल भैया बहनों को आगामी प्रतियोगिता के लिए उज्वल भविष्य की कामना की गई।

## अवैध बालू का उत्खनन कर परिवहन कर रहे पुलिस प्रशासन ने एक ट्रैक्टर को किया जप्त

**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के नोनगांव पंचायत अंतर्गत बनवारा गांव से बुधवार को रात्रि में अवैध बालू का उत्खनन कर परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को पुलिस प्रशासन ने धर दबोचा। पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को पड़कर पत्थलगड़ा थाना लाया गया है।

**Information & Public Relations Department**
**Government of Jharkhand**

**Ref:1194** **Date: 08-08-2024**

**CORRIGENDUM**

**Extension of Tender Submission Date and Date of Opening of Tender**

Work: Selection of Social Media Management and Monitoring Agency having reference no: 1116, Tender ID: 2024_IPRD_89093_1 and PR No:- 331415.
It is to inform to all prospective bidders that the last date and time for bid submission for the E-tender invited for the above-mentioned work has been extended as per detail given below.

| S.No | Bid Submission last date and time | Extended Bid Submission last date and time |
|---|---|---|
| 1. | 08-08-2024: 03:00 PM | 13-08-2024: 12 Noon |

The opening of the bid will be on dated 14.08.2024 at 12:00 Noon. All the other terms and condition of the Tender documents will remain unchanged.

Sd/-
Director

PR 332323 IPRD(24-25).D

# स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन के लिए निर्धारित की गई समय सारणी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर प्रखंड क्षेत्र के सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन करने के लिये समय सारणी निर्धारित किया गय। निर्धारित झंडोतोलन कार्यक्रम के अनुसार उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेन्हा में 8:30 बजे, कन्या मध्य विद्यालय में 8:40 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में 8:50 बजे, प्रखंड संसाधन केंद्र सेन्हा में 9:00 बजे, प्रखंड कार्यालय में 9:10 बजे, सेन्हा थाना परिसर में 9:30 तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सेन्हा में 10 बजे पूर्वाह्न में झंडोतोलन किया जायेगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम के अलावे प्रकाश रंजन, रेणु मिश्रा, पूनम कुमारी, साहेब सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# संकुल स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में कैरो विद्यालय ने किया बेहतर प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहनों ने लोहरदगा के शीला अग्रवाल विद्या मंदिर में आयोजित संकुल स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया है। वैदिक गणित के शिशु वर्ग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कंप्यूटर विषय के शिशु वर्ग में भी द्वितीय स्थान पर रहें। अंग्रेजी विषय के शिशु वर्ग में तीसरे स्थान पर रहें। विज्ञान विषय के किशोर वर्ग तीसरे स्थान पर रहें। सामान्य ज्ञान संस्कृति बोध परियोजना के तीनों वर्गों के भैया बहन तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहें वहीं संस्कृत विषय में भी तृतीय स्थान पर सफलता अर्जित की। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को वंदना सभा में स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव, अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने सफल प्रतिभागियों को बधाई दी है और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## आर्या पंचायत में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के कैंप का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को आर्या पंचायत में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक का कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का कार्य किया गया जिसमें मुख्य रूप से इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक का खाता के बारे में पूर्ण रूप से बताया गया। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के मैनेजर श्री रवि कुमार ने बिस्तर रूप से ग्रामीणों को समझाया और आर्या पंचायत के सभी आंगनबाड़ी के सभी सेविका उपस्थित थे। इस मौके पर गुमला डिवीजन के अध्यक्ष एवं शाखा डाकपाल आर्या के राधेश्याम प्रजापति, प्रज्ञा केंद्र के संचालक वसीम अख्तर, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के एग्जिक्यूटिव ऑफिसर प्रिंस कुमार दुबे उपस्थित थे। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के पचास से भी अधिक खाता आधार सीडिंग के साथ खोला गया और सभी ब्रांच पोस्टमास्टर को अपने अपने पंचायत में जा कर खाता खोलने का निर्देश दिया गया है।

**Government of Jharkhand**
**Department of Forest, Environment and Climate Change**

**Advertisement**

**Sub: - Appointment for the post of Chairman, Jharkhand State Pollution Control Board (JSPCB), Ranchi.**

Applications are invited from eligible candidates for appointment to the post of Chairman, Jharkhand State Pollution Control Board (JSPCB), Ranchi.

2.The Jharkhand State Pollution Control Board (JSPCB), Ranchi was established under provisions of the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974. The Jharkhand State Pollution Control Board (JSPCB), Ranchi exercises functions related to prevention and control of pollution. The Chairman shall be a full-time incumbent.

3.The following are the terms and conditions for the post of Chairman, Jharkhand State Pollution Control Board (JSPCB), Ranchi:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Scale of Pay | According to the Seventh Pay Commission Pay Scale Level-15 in the pay matrix. |
| 2 | Method of Recruitment: | Deputation/on contract/direct recruitment. |
| 3 | Terms & Conditions | (A) Allowance of the Chairman of the Board, time of joining, salary, provident fund/National Pension Scheme/Employee Provident Fund, gratuity, retirement age, medical facility and other services shall be regulated with the applicable rules and orders as holding the post of equal pay scale of the officer of State Government/ Central Government. (B) Appointment to the post of Jharkhand State Pollution Control Board Chairman will be called External Services and the provisions of State Government/ Central Government for external service will be applicable. |
| 4 | Qualification & Experience | Persons from Central Government/State Governments/Public Sector Undertakings having qualification mentioned below can apply- **(A)** Master's Degree in Environment Science, Bachelor's Degree in Environment related Management or Bachelor's in Environment Science/ Environmental Engineering Technology. 10 years of experience in the field of environmental protection and pollution control. **Or** Being or having been a member of an All-India Service, in the IAS/IFS cadre, holding or having held post not below the rank of Principal Secretary or equivalent post in the State Government and having Master's degree in Science or Bachelor's degree in Engineering/Technology. Also having adequate knowledge and working experience in the field of Environment protection. |
| 5 | Age limit | Maximum age limit will be 62 and minimum 55 years on the date of receipt of application in case of direct appointment. |
| 6 | Tenure | Single term of 3 years |

**Note:** Officers working in the Central or State Government or Public Sector Undertaking shall send their application :-
(1)Through proper channel.
(2)Six sets of application should be received in the office of the undersigned.
(3)An advance copy of the application may be forwarded to the undersigned, but it will not be considered unless the application is received through proper channel along with following documents before the last date of submission mentioned below.
(i)Annual Confidential Report dossier for last five years.
(ii)Integrity Certificate / Vigilance Clearance in the enclosed format to be signed by an officer not below the rank/scale of Deputy Secretary in Government or controlling office of the officer concerned.

Interested and eligible candidates are requested to send their application in the prescribed format in 3 sets within 45 days from the Published Advertisement through the Proper Channel at the Address given below.

Retired Persons are requested to send their application in the prescribed format in 3 sets within 45 days from the Published Advertisement directly at the Address given below.

**Note-** Application performa can be seen at departmental notice board and downloaded from **www.prdjharkhand.in and http://forest.jharkhand.gov.in and website of JSPCB.**

**To,**
**SPECIAL SECRETARY,**
**FOREST, ENVIRONMENT& CLIMATE CHANGE DEPARTMENT,**
**GOVERNMENT OF JHARKHAND,**
**NEPAL HOUSE, DORANDA, RANCHI.**
**PIN CODE-834002 (JHARKHAND)**

**Sd/-**
**(Raju Ranjan Roy)**
**Special Secretary,**
**Forest, Environment& Climate Change Department,**
**Government of Jharkhand.**

PR 332250 (Forest, Environment and Climate Changes)24-25*D

# समिति के चुनाव में हुआ फेरबदल 11 अगस्त के बजाय 15 सितंबर को होगी वोटिंग, 12 अगस्त से फॉर्म की होगी बिक्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति की बैठक हरमू रोड स्थित आवासीय परिसर में सुषमा सिंह की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में कोर कमेटी सदस्य जिला पदाधिकारी एवं नगर के पदाधिकारी मौजूद थे बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति के मुख्य संरक्षक का बाहर होना एवं सावन माह में आयोजित कई कार्यक्रमों को लेकर आगामी 11 अगस्त को होने वाले समिति का चुनाव में फेरबदल करते हुए पुनः15 सितंबर रविवार को की जाएगी। चुनाव के मध्य नजर रखते हुए फार्म 12 अगस्त से 28 अगस्त तक दी जाएगी 30 तारीख तक वापसी एवं 1 तारीख को स्कूटनी की जाएगी। ज्ञात हो की समिति के जिला अध्यक्ष जिला महामंत्री एवं जिला कोषाध्यक्ष का चुनाव वोटिंग के माध्यम से की जाती है द्य जिसमें समिति के महिला पुरुष सदस्य अपने वोटिंग के माध्यम से उम्मीदवार को चुनते हैं इस बार का चुनाव कई मायनों से महत्वपूर्ण मानी जा रही है सूत्रों की माने तो कई उम्मीदवारों के खड़े होने की आशंका है जिससे मुकाबला कड़ी हो सकती हैद्य कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह ने कहा चुनाव निष्पक्ष तरीके से की जाएगी उसकी संपूर्ण तैयारी की जा रही है इससे पूर्व चुनाव में कड़े मुकाबले में रंजीत लकड़ा ने विकास वर्मा को हरा कर बाजी मारी थीद्य उसके बाद सर्वसम्मति से कन्हैया करवा एवं राजीव रंजन ने समिति का नेतृत्व किए द्य आगे कहा कि पूरी प्रक्रिया के बीच सदस्यता अभियान चलेगी। बैठक के पश्चात संरक्षक बलवीर देव की पत्नी की आकस्मिक मृत्यु पर समिति के द्वारा 2 मिनट का मौन रखा गया एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। मौके पर कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह, अजय सोनी जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, प्रदीप साहू, सुनील अग्रवाल, बजरंग करवा, विनोद प्रसाद, अनुज कुमार, बजरंग साहू नगर अध्यक्ष दीपक साहू एवं दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

# यौन शोषण के पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए 'सपोर्ट पर्सन' की नियुक्ति करें झारखंड सरकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्राम स्वराज्य संस्थान की अपील, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार यौन शोषण के पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए तत्काल 'सपोर्ट पर्सन' की नियुक्ति करे झारखंड सरकार सपोर्ट पर्सन' की अनिवार्य रूप से नियुक्ति का सुप्रीम कोर्ट का आदेश राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से प्रस्तावित दिशा निर्देशों के आधार पर है। शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों/केंद्रशासित क्षेत्रों से चार हफ्ते में अनुपालन रिपोर्ट सौंपने को कहा एक्सेस टू जस्टिस' कार्यक्रम के सहयोगी संगठन लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान ने राज्य में तत्काल इस आदेश पर अमल की मांग की राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की ओर से प्रस्तावित दिशानिर्देशों पर मुहर लगाते हुए सभी राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों को यौन शोषण के पीड़ित बच्चों के लिए अनिवार्य रूप से 'सपोर्ट पर्सन' की नियुक्ति का आदेश देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का झारखंड के लोहरदगा में बाल अधिकारों के लिए काम कर गैरसरकारी संगठन लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान ने इस आदेश पर तत्काल प्रभाव से अमल की अपील की है। लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान लोहरदगा में 'एक्सेस टू जस्टिस' कार्यक्रम का सहयोगी है जो दुनिया के सबसे बड़े कानूनी हस्तक्षेप कार्यक्रमों में शुमार है और इसके साथ 200 से भी ज्यादा संगठन बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 400 से ज्यादा जिलों में जमीनी स्तर पर काम कर रहे।

## चलते चलते एक नजर

### हिमाचल में अवैध खनन को लेकर बने ठोस नीति : सुरेश कश्यप

**शिमला :** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सुरेश कश्यप ने हिमाचल प्रदेश में अवैध खनन को लेकर सख्त कदम उठाने पर जोर दिया है। उनका कहना है कि जिस प्रकार से हिमाचल प्रदेश में खनन के मामले लगातार बढ़ते चले जा रहे है यह चिंताजनक है, कई स्थानों पर तो खनन का अवैध कारोबार नेताओं और सामाजिक प्रभावशाली व्यक्तियों के संरक्षणं में चल रहा है।उन्होंने गुरूवार को एक बयान में कहा कि सिरमौर में अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिला की विभिन्न नदियों में लगातार खनन की शिकायतें वन, खनन विभाग तथा पुलिस को मिलती रहती हैं लेकिन कई बार औचक निरीक्षण कर कुछ वाहनों को पकड़ कर चालान कर छोड़ देते हैं। कुछ के कोर्ट में चालान पेश किए जाते हैं। उसके बावजूद भी खनन लगातार जारी है। छोटी बड़ी खड्डों में भी लगातार खनन हो रहा है।उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर सरकार द्वारा अपने ही सीपीएस की पत्नी के वाहन जब्त किए गए। क्षेत्र बद्दी के मलपुर में अवैध खनन करने पर पुलिस ने कांग्रेस के स्थानीय नेता के परिवार की मशीनरी जब्त की, यह भी तब की गई जब कुछ दिन पूर्व की देर शाम को स्थानीय लोगों ने पुलिस को अवैध खनन की सूचना दी थी। लोगों ने खनन का वीडियो बनाया और शामिल लोगों से पूछताछ की। इसके बाद क्षेत्र के और लोग एकत्र हुए और पुलिस थाना बद्दी व एसपी को सूचना दी। चार टिप्पर और एक पोकलेन से खनन किया जा रहा था। हालांकि पुलिस ने दो वाहनों को ही जब्त किया है। उसके उपरांत इस मामले को लेकर चलन भी किया गाया।सुरेश कश्यप ने कहा कि पूरे प्रदेश में खनन को लेकर लगातार मामले बढ़ते चले जा रहे है पर सरकार अक्सर इन मामलों पर चुप पाई जाती हैं। प्रदेश भर में 1 जनवरी 2022 से 31 अगस्त 2023 तक अवैध खनन के कुल 2610 मामले दर्ज किए गए थे और ताजा आंकड़ा अभी आने को है। उन्होंने कहा की खनन को रोकना अतिआवश्यक है क्योंकि इसके कारण बारिशों के समय प्रदेश में खतरा भी बड़ जाता है।

### एनसीबी के हाथ लगी बड़ी सफलता, मांडर से भारी मात्रा में डोडा लदा ट्रक बरामद

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नशे के खिलाफ एनसीबी के हाथ लगी बड़ी सफलता। एनसीबी ने मांडर थाना क्षेत्र से एक ट्रक बरामद किया जिसपर डोडा लदा हुआ था। नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस की ये बड़ी उपलब्धि है। एनसीबी को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक में भारी मात्रा में डोडा लोडकर खूंटी की तरफ से तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। इस सूचना के बाद एनसीबी ने खूंटी क्षेत्र में जांच अभियान चलाया जहां एक ट्रक एनसीबी की टीम को देखकर तेजी से भागने लगा। इसके बाद एनसीबी ने ट्रक का पीछा किया और मांडर थाना क्षेत्र में ट्रक को पकड़ने में सफलता हासिल कर ली। इस मामले में दो को गिरफ्तार किया गया है । खबर लिखे जाने तक एनसीबी की फिलहाल पूछताछ चल रही थी।

# सीएम हेमंत सोरेन से मिला रांची विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों का एक प्रतिनिधिमंडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची विश्वविद्यालय, रांची अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों के सहायक प्राध्यापकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल सभी सहायक प्राध्यापकों ने राज्य सरकार द्वारा विगत 7 अगस्त 2024 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में विश्वविद्यालय एवं अंगीभूत महाविद्यालयों (घाटानुदानित अल्पसंख्यक महाविद्यालयों सहित) के पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने की स्वीकृति दिए जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति सहृदय आभार व्यक्त किया। रांची विश्वविद्यालय, रांची अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों के सहायक प्राध्यापकों ने मुख्यमंत्री के समक्ष हर्ष जताते हुए कहा कि हमसभी महाविद्यालय शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए राज्य सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू किया जाना एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कार्य है। राज्य सरकार ने हमसभी को पुरानी पेंशन के रूप में बुढ़ापे की लाठी दी है। पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलने से हमसभी सहायक प्राध्यापकों का भविष्य सुरक्षित हुआ है। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल सभी सहायक प्राध्यापकों ने मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सहायक प्राध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल से कहा कि



उनकी सरकार राज्यहित में निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध है। विगत साढ़े चार वर्ष में राज्यहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्ग-समुदाय को उनका हक-अधिकार देने का काम उनकी सरकार निरंतर कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी लोग मिलजुल कर झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल कर सकें इसी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

मौके पर सहायक प्राध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन से मुलाकात कर उनके प्रति भी आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, रांची विश्वविद्यालय, रांची अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों के सहायक प्राध्यापकों में डॉ0 उमेश कुमार, डॉ0 बहालेन होरो, डॉ0 खातिर हेम्ब्रम, डॉ0 रीता कुमारी, डॉ0 राजीव रजक, डॉ0 अवध विहारी महतो, डॉ0 विनीता एक्का, डॉ0 कंजीव लोचन, डॉ0 शाहीन परवीन, डॉ0 सुमंती तिर्की, डॉ0 शाहीन रजिया, डॉ0 अंजू पुष्पा बा, डॉ0 शिवनंदन राम, डॉ0 संतोष रजवार, डॉ0 राहुल कुमार, डॉ0 अनुजा विवेक, डॉ0 विवेक कुमार, डॉ0 नीलू कुमारी, डॉ0 जितेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## पौधा लगाएं एवं इसकी देखभाल करें : जायन्ट्स



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जायन्ट्स ग्रुप आफ गढ़वा के तत्वावधान में शहर के मुख्यपथ जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन के पदाधिकारी नंदकुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान के समक्ष गुरुवार को आम लोगों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रूप अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर पदाधिकारीयों ने कहा कि हर साल बरसात में सभी व्यक्ति को अपने आस पास कुछ पौधे लगाने चाहिए। सदस्यों ने उपस्थित लोगों से कहा कि आप पौधा ले जाकर जरुर लगाएंगे और इसकी देखभाल करते रहेंगे। साथ ही अपने आस-पास के लोगों को पौधा लगाने के लिए जागरूक करें। इस कार्यक्रम में जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजय कांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं फेडरेशन के वर्तमान पदाधिकारी नंदकुमार गुप्ता, ध्रुव केशरी, चन्दन चंद्रवंशी, मनोज केशरी, दीपक तिवारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# शहीद निर्मल महतो के सपनो को साकार करना आजसू का संकल्प : चंद्रशेखर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चैनपुर के भडगावाँ वाटिका में आजसू पार्टी द्वारा डाल्टनगंज विधानसभा स्तरीय शहीद निर्मल महतो शहादत दिवस सह श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम आयोजित किया गया द्य आयोजित कार्यक्रम आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य एवं डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के नेता चंद्रशेखर सिंह छोटू की अध्यक्षता में संपन्न हुई द्य कार्यक्रम में सर्वप्रथम शहीद निर्मल महतो के चित्र पर उपस्थित सभी सदस्यों ने फूल माला समर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया द्य आयोजित कार्यक्रम



को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने शहीद निर्मल महतो के जीवन गाथा एवं संघर्षो पर प्रकाश डालते हुए झारखंड का वीर योद्धा एवं झारखंड निर्माण में उनकी महती भूमिका को याद किया द्य शहीद निर्मल महतो के समृद्ध झारखंड एवं झारखंड में निवास करने वाले लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने के सपने को साकार करना आजसू पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं के जिम्मेवारी है एवं उनके अधूरे सपने को पूरा करने का दृढ़ संकल्प आज उनके शहीद दिवस के अवसर पर सभी सदस्य संकल्पित है। आयोजित कार्यक्रम में संकल्प सभा के पश्चात भडगावाँ छठ घाट पर पांच वृक्ष रोपण स्थानीय ग्रामीणों के साथ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में चंद्रशेखर सिंह छोटू के साथ पार्टी के संगठन सचिव शिव शंकर प्रसाद,सतीश तिवारी राजीव पांडे,चैनपुर प्रखंड संयोजक सुरेश सिंह ने भी अपने-अपने विचार एवं निर्मल महतो के जीवनी पर प्रकाश डाला तथा झारखंड सरकार से निर्मल महतो को शहीद का उपाधि देने की मांग किया। आयोजित कार्यक्रम में भुवनेश्वर प्रजापति,परमानंद चंद्रवंशी, नागेश्वर मेहता, सुजीत बजरंगी पासवान प्रमोद प्रजापति, विक्की कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।

